हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 22 अगस्त 2026

RUNGTA UNIVERSITY

27 YEARS OF DEVELOPING BRIGHT FUTURES

Celebrating THE TALENT OF SCHOOL STUDENTS

UNNAYAN 2026

WHERE CENTRAL INDIA'S BRIGHTEST CONVERGE



13 EXPERIENCES

02 DAYS

01 UNFORGETTABLE WEEKEND

EXCLUSIVELY FOR XI & XII STUDENTS

YOUR ENTRY IS FREE

YOUR EXPERIENCE IS PRICELESS.

Scan for registration

21 & 22 August 2026

Rungta University Bhilai, Chhattisgarh

PRIZE DISTRIBUTION CEREMONY



Chief Guest

SHRI GAJENDRA YADAV

Minister of School Education, Govt. of Chhattisgarh

Nukkad Natak

E-Sports Tournament

Open Mic

Escape Room

Pitching Competition

Treasure Hunt

Marketing Strategy

Nritya Verse

RUNGTA UNIVERSITY MODEL UNITED NATIONS

Chess Tournament

Quiz Competition

Gully Cricket Tournament

Solo Song Competition



Guest of Honour

SHRI RIKESH SEN

MLA Vaishali Nagar, Bhilai

FUNOLOGY LEARNING MADE FUN

REGISTER NOW

www.unnayan.rungta.ac.in

Call for registration

6267145292

Deepak Advertisers

Bhilai Campus : Rungta R1 Educational Campus, Kohka-Kurud Road

Raipur City Office : Shop No. FF-1 & FF-2, First Floor, Shyam Plaza, Pandri

9016 11 33 33

8880 48 88 70

www.rungta.ac.in

यू ट्यूब के कुछ नियम 24 अगस्त से तो कुछ बदलेंगे 1 फरवरी 2027 से

यू ट्यूब से कमाई के लिए अब चाहिए ज्यादा वॉच टाइम व शॉर्ट्स व्यूज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वीडियो बनाकर कमाई करने का सपना देखने वाले लोगों के लिए बड़ा बदलाव आने वाला है। यूट्यूब ने अपने पार्टनर प्रोग्राम के नियमों में बदलाव का ऐलान किया है। नए नियम 1 फरवरी 2027 से लागू होंगे। इसके साथ ही कंपनी ने वीडियो के व्यू काउंट के नियम में भी बड़े बदलाव कर दिए हैं। व्यू काउंट वाला चेंज 24 अगस्त 2026 से ही शुरू हो रहा है। नए नियम मुख्य रूप से उन क्रिएटर्स पर लागू होंगे जो 1 फरवरी 2027 के बाद ऐड्स और प्रीमियम रेवेन्यू के लिए नया आवेदन करेंगे। नए क्रिएटर्स को पहले से ज्यादा वॉच टाइम या शॉर्ट्स व्यूज जुटाने होंगे।

नया चैनल शुरू करने वालों के लिए नियम

अब केवल 1,000 सब्सक्राइबर हासिल करना काफी नहीं होगा। अभी तक ऐड्स और प्रीमियम रेवेन्यू के लिए क्रिएटर्स को 1,000 सब्सक्राइबर के साथ पिछले 12 महीनों में 4,000 वैलिड पब्लिक वॉच आवर्स या पिछले 90 दिनों में 1 करोड़ पब्लिक शॉर्ट्स व्यूज की जरूरत होती थी लेकिन 1 फरवरी 2027 से नए आवेदकों को 1,000 सब्सक्राइबर के साथ 8,000 क्वालिफाइड वॉच आवर्स या 90 दिनों में 2 करोड़ क्वालिफाइड शॉर्ट्स व्यूज चाहिए होंगे।

पहले से शामिल चैनलों के लिए बदलाव नहीं

पहले से प्रोग्राम में शामिल चैनलों का स्टेटस इस बदलाव से प्रभावित नहीं होगा। हालांकि छोटे क्रिएटर्स के लिए राहत भी है। फैन फंडिंग, चैनल मेंबरशिप, सुपर चैट, शॉपिंग और कुछ अन्य फीचर्स के लिए एंट्री नियम फिलहाल नहीं बदल रहे हैं। इन सर्विसेज तक पहुंच के लिए 500 सब्सक्राइबर और 3,000 वॉच आवर्स या 30 लाख शॉर्ट्स व्यूज वाला मौजूदा बेसलाइन बना रहेगा।



24 अगस्त से व्यू काउंट में बदलाव

दिलचस्प बात यह है कि यूट्यूब ने हाल में व्यू गिनने का तरीका भी बदलने का ऐलान किया है। 24 अगस्त 2026 से किसी वीडियो के प्ले होना शुरू होते ही उसे एक पब्लिक व्यू माना जाएगा। इससे वीडियो पर दिखने वाले व्यूज तेजी से बढ़ सकते हैं लेकिन लेकिन उससे कमाई की गारंटी नहीं होगी। कमाई और पार्टनर प्रोग्राम की योग्यता के लिए अलग क्वालिफाइड या एंगेज्ड मेट्रिक्स का इस्तेमाल जारी रहेगा।

अब नहीं होगी कुछ वीडियो डालकर कमाई

हालांकि कंपनी नए कमाई के अवसर और इंसेंटिव प्रोग्राम भी लाने की बात कह रही है। 2027 से नया यू ट्यूब चैनल शुरू करना पहले जैसा नहीं रहेगा। चैनल बनाना अब भी मुफ्त है। वीडियो अपलोड करना भी आसान है लेकिन सिर्फ कुछ वीडियो डालकर जल्दी ऐड्स से कमाई शुरू करने का रास्ता कठिन होने वाला है।

खबर संक्षेप

राष्ट्रगीत का अपमान सांप्रदायिक प्रयोग : नकवी

नई दिल्ली। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता मुख्तार



अब्बास नकवी ने वंदे मातरम्-से जुड़े विवाद को लेकर आरोप लगाया कि कांग्रेस देश में 'जिन्ना के जिन्न'' को जगाने में जुटी है। उन्होंने संवाददाताओं से बातचीत में यह भी कहा कि राष्ट्रगीत का अपमान ''संयोग नहीं, सांप्रदायिक प्रयोग'' है।

दिल्ली में 3.75 करोड़ रुपए की ड्रग्स जब्त

नई दिल्ली। बाहरी-उत्तरी दिल्ली में चार अलग-अलग अभियानों में पुलिस ने लगभग 3.75 करोड़ रुपये मूल्य के नशीले पदार्थ जब्त किए और 12 कथित तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि अभियान के दौरान पुलिस ने 882 ग्राम हेरोइन, 514 ग्राम मिलावटी पाउडर और 18.90 किलोग्राम 'हाइड्रोपोनिक' गांजा जब्त किया। पुलिस ने तीन कथित मादक पदार्थ तस्करों शेख फरीद उर्फ दानिश, वसीम खान और नूर सलीम उर्फ शेख मुर्सलीम को भलस्वा डेयरी थाने में दर्ज एक मामले में चार अगस्त को गिरफ्तार किया।

सिलीगुड़ी में एसएसबी के कार्यक्रम में बोले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

शाह बोले- सीमाएं सुरक्षित तो देश सुरक्षित पूर्व सीएम ने बाड़ लगाने नहीं दी जमीन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि जब तक सीमाएं सुरक्षित नहीं होंगी, तब तक न तो पश्चिम बंगाल और न ही भारत सुरक्षित रह सकता है। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि उनके कई बार अनुरोध करने के बावजूद पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य में भारत-बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने के लिए जरूरी जमीन उपलब्ध नहीं कराई। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि राज्य के किसी भी पूर्व मुख्यमंत्री ने सशस्त्र सीमा बल या सीमा सुरक्षा बल के कार्यक्रमों में कभी हिस्सा नहीं लिया। उन्होंने इस परंपरा को तोड़ने के लिए पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी को बधाई दी।

अब हकीकत बनने के और करीब

शाह ने सिलीगुड़ी में 80 एकड़ जमीन पर बॉर्डर सिक्योरिटी एडमिनिस्ट्रेशन हेडक्वार्टर बनाने का एलान किया और कहा कि सिलीगुड़ी-नई दिल्ली ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर का निर्माण - जो देश भर में आवाजाही आसान बनाने के लिए योजनाबद्ध सात ऐसे कॉरिडोर में से एक है - अब हकीकत बनने के और करीब है।

सीएम शुभेंदु ने उपलब्ध कराई जमीन

गृह मंत्री अमित शाह ने सिलीगुड़ी स्थित एसएसबी फ्रंटियर मुख्यालय में विभिन्न परियोजनाओं के भूमि पूजन और शिलान्यास कार्यक्रम में कहा कि मैंने बीएसएफ द्वारा सीमा पर बाड़ लगाए जाने के लिए जमीन देने की कई बार गुहार लगाई लेकिन (पूर्व मुख्यमंत्री) ममता बनर्जी ने इसे अनसुना कर दिया। मैं सीमा सुरक्षा मजबूत करने के लिए 1,129 एकड़ जमीन की मांग 2014 से कर रहा था। राज्य में शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व वाली सरकार बनने के बाद ही हमें यह जमीन मिली।

एसएसबी कोई राजनीतिक संगठन नहीं

शाह ने कहा कि एसएसबी कोई राजनीतिक संगठन नहीं है और सीमावर्ती बलों के समारोहों से पूर्व मुख्यमंत्रियों की दूरी ने गलत संदेश दिया। गृह मंत्री ने कहा कि वह आजादी के बाद देश में बनीं पूर्ववर्ती सरकारों द्वारा राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' को उचित सम्मान नहीं दिए जाने से दुखी थे।



लाल किले से वंदे मातरम गाए जाने का किया जिक्र

उन्होंने कहा, ''इस साल स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान लाल किले में 'वंदे मातरम' का पूरा संस्करण गाया गया लेकिन इससे पहले भारत में 'वंदे मातरम' का पूरा संस्करण कभी नहीं गाया गया था। मुझे इस बात की तसल्ली है कि बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा इसकी रचना के 150वें वर्ष में देश ने इस गीत को आखिरकार उचित मान्यता दी है।

शुभेंदु सरकार की सराहना की

राज्य में शुभेंदुअधिकारी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के 100 दिन पूरे होने पर बागडोगरा पहुंचे शाह ने केंद्र की सुरक्षा संबंधी जरूरतों पर तुरंत प्रतिक्रिया देने के लिए मुख्यमंत्री की सराहना की। शाह ने कहा, जब से अधिकारी सत्ता में आए हैं, हमें अपनी सीमा सुरक्षा को बढ़ाने के लिए जो कुछ भी चाहिए था, वह मिला है। अब औपचारिक पत्र भेजे जाने से पहले ही परियोजनाओं के लिए राज्य की मंजूरी मिल जाती है।

सौजन्य भेंट

केंद्रीय मंत्री नड्डा से मिले मुख्यमंत्री साय, चिकित्सा सुविधाओं के लिए मांगी मदद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शुक्रवार को नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा से उनके निवास पर सौजन्य भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने श्री नड्डा से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य एवं कुशलक्षेम की जानकारी ली तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। भेंट के दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार तथा राज्य में केंद्र सरकार के सहयोग से संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति से भी केंद्रीय मंत्री श्री नड्डा को अवगत कराया। उन्होंने राज्य के दूरस्थ एवं आदिवासी क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने, स्वास्थ्य अधोसंरचना को और सुदृढ़ करने तथा नागरिकों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए केंद्र के सहयोग को लेकर चर्चा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने नई दिल्ली प्रवास के दौरान बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर दोनों मुख्यमंत्रियों के बीच विभिन्न समसामयिक विषयों पर आत्मीय चर्चा हुई।

- नई दिल्ली में हुई मुलाकात स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार पर चर्चा

ट्रम्प बोले- होर्मुज पर होगा अमेरिका का फुल कंट्रोल, ईरान ने कहा- झुकेंगे नहीं

ईरान की नेवी और एयरफोर्स खत्म, उसके पास सिर्फ कुछ मिसाइल और ड्रोन बचे

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि अमेरिका जल्द ही होर्मुज स्ट्रेट पर पूरी तरह कंट्रोल कर लेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिकी हमलों में ईरान की नेवी, एयरफोर्स और मिलिट्री लीडरशिप को बहुत नुकसान हुआ है। वहीं ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा कि ईरान के लिए अमेरिकी प्रतिबंध झेलना मुश्किल जरूर है, लेकिन अमेरिका की शर्तें मानना उसे इससे भी ज्यादा खतरनाक लगता है। इसलिए सिर्फ दबाव बढ़ाने से ईरान अमेरिका के



सामने नहीं झुकेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि अमेरिका किसी भी कीमत पर ईरान को परमाणु हथियार बनाने की अनुमति नहीं देगा। उन्होंने दावा किया कि ईरान को परमाणु हथियार बनाने से रोकने के लिए सैन्य कार्रवाई करना जरूरी था।

ईरान में लीडरशिप नहीं बची, बातचीत मुश्किल

ट्रम्प ने कहा कि ईरान के कई बड़े नेता अब नहीं रहे। इसके चलते नए समझौते पर बातचीत मुश्किल हो गई है। फिलहाल यह भी साफ नहीं है कि ईरान में फैसले कौन ले रहा है। ट्रम्प ने एक बार फिर से दावा किया कि ईरान आर्थिक संकट से जूझ रहा है। देश में महंगाई बहुत ज्यादा है। सेना को वेतन देने में भी दिक्कतें आ रही हैं।

ईरान बोला- अमेरिका बातचीत को तैयार नहीं

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा कि अमेरिका जब बातचीत नहीं करना चाहता, तो प्रतिबंध लगाने लगता है। ईरान कई साल से ऐसे प्रतिबंध झेलता आया है और इससे उसकी नीति नहीं बदली है। इंटरनेशनल क्राइसिस ग्रुप के ईरान डायरेक्टर अली वाएज के मुताबिक, अमेरिका अब प्रतिबंधों के साथ सैन्य दबाव भी बढ़ा रहा है लेकिन इससे ईरान के पीछे हटने के बजाय उसका रुख और सख्त हो सकता है।

ईरान की मदद करने वालों को भी चेतावनी : अमेरिका ने ईरान के साथ कारोबार करने वाले देशों और कंपनियों को चेतावनी दी है। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बैसेंट ने कहा कि जो लोग ईरान के साथ कारोबार जारी रखेंगे, उनके खिलाफ अमेरिका कड़े आर्थिक कदम उठा सकता है। अमेरिका पहले ही ईरान के तेल, बैंकिंग और ट्रांसपोर्ट सेक्टर पर कई प्रतिबंध लगा चुका है।

यूजीसी-आरक्षण के खिलाफ जुटे प्रदर्शनकारी हिरासत में

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस और रैपिड एक्शन फोर्स ने जाति-आधारित आरक्षण के विरोध में जंतर मंतर पर प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों पर कार्रवाई करते हुए उन्हें हिरासत में ले लिया है जिनमें महिलाएं भी शामिल हैं। हिरासत में लिए गए लोगों ने कहा कि हमारा प्रदर्शनकारी पूरी तरह से शांतिपूर्ण था। हम यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन (यूजीसी) और एससी-एटी को लेकर शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे थे। रिपोर्ट के मुताबिक, अनुमति नहीं होने के बावजूद जंतर मंतर पर भारी संख्या में लोग जाति आधारित आरक्षण का विरोध करने के लिए इकट्ठा हुए थे। बता दें कि दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को साफ किया था कि 21 अगस्त को आरक्षण सुधार के मुद्दे पर जंतर-मंतर पर प्रदर्शन की कोई अनुमति नहीं दी गई है। पुलिस ने सोशल मीडिया पर अनुमति मिलने का दावा करने वाले वीडियो को भी 'झूठा और भ्रामक' बताया था। इसके साथ ही धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा पहले से लागू है। इसके तहत पांच या उससे ज्यादा लोगों के जुलूस, प्रदर्शन और सभा पर रोक है।



सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

वरिष्ठ अधिकारी का सख्त व्यवहार आत्महत्या के लिए उकसाना नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि किसी वरिष्ठ अधिकारी की ओर से अधीनस्थ कर्मचारी को फटकार लगाना, प्रशासनिक निर्देश देना, कारण बताओ नोटिस जारी करना या अनुशासनात्मक कार्रवाई करना अपने आप में आत्महत्या के लिए उकसाने का अपराध नहीं बनता। इसके लिए यह साबित करना जरूरी है कि आरोपी की मंशा अधीनस्थ को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने की थी और उसने ऐसा करने के लिए कोई ठोस कदम उठाया था।

आरोपी की मंशा और ठोस निकटवर्ती कृत्य साबित होना जरूरी



क्या था मामला? : दीपाली चव्हाण ने 25 मार्च 2021 को हरिसाल स्थित अपने सरकारी आवास में अपनी सर्विस पिस्टल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। अभियोजन पक्ष ने शिवकुमार पर उन्हें प्रताड़ित करने के आरोप लगाए थे। इनमें आधिकारिक फटकार, कारण बताओ नोटिस, अतिक्रमण हटाने और गांव के पुनर्वास से जुड़े काम देना, एससी-एसटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कराने में कथित भूमिका और जंगल में ट्रेक करने के लिए मजबूर करना शामिल था।

दीपाली आत्महत्या मामले में की टिप्पणी

जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा और जस्टिस नोंगमीकापम कोटिस्वर सिंह की पीठ ने यह टिप्पणी 2021 में हरिसाल वन क्षेत्र की रेंज फॉरेस्ट ऑफिसर दीपाली चव्हाण की आत्महत्या से जुड़े मामले में की। पीठ ने पूर्व डिप्टी कंजर्वेटर ऑफ फॉरेस्ट्स विनोद शिवकुमार की अपील मंजूर करते हुए उनके खिलाफ बॉम्बे हाईकोर्ट के 24 सितंबर 2025 और अचलपुर सत्र न्यायालय के 24 अक्टूबर 2024 के आदेश को रद्द कर दिया। अदालत ने शिवकुमार को मामले से बरी कर दिया है।

दीपाली ने लगाए थे आरोप कोर्ट ने माना पुराने

चव्हाण ने आरोप लगाया था कि जंगल में ट्रेक करने के कारण उनका गर्भपात हुआ था। यह घटना अक्टूबर 2020 की थी, जबकि उन्होंने मार्च 2021 में आत्महत्या की। अदालत ने माना कि यह घटना आत्महत्या से पांच महीने से अधिक पहले की थी और अन्य आरोप भी काफी पुराने थे।

अधिकारी की मंशा व ठोस कृत्य का प्रमाण जरूरी

अदालत ने स्पष्ट किया कि भारतीय दंड संहिता की धारा 306 के तहत आत्महत्या के लिए उकसाने का अपराध तभी बनता है, जब आत्महत्या के लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उकसाने का कोई ठोस और निकटवर्ती कृत्य मौजूद हो। केवल किसी अधिकारी के कड़े व्यवहार या काम को लेकर फटकार लगाने को आत्महत्या के लिए उकसाने के बराबर नहीं माना जा सकता।

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत राशन कार्ड धारकों को एक किलो शक्कर भी नहीं मिल रही



केंद्र से पांच माह से शक्कर आना बंद, राज्य से भी हुई आपूर्ति कम, इसलिए कई राशन दुकानों से मिठास गायब

छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में इन दिनों शक्कर की सप्लाई घट गई है, जिसके कारण इसकी कीमत तो बढ़ी ही है, सहकारी दुकानों से मिल भी नहीं रही है। बाजार में शक्कर के भाव चिल्हर में प्रति किलो 65 से 70 रुपए तक पहुंच गया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

एक तरफ शक्कर के दाम आसमान छू रहे है, दूसरी ओर आपूर्ति कम होने के कारण सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत कई उचित मूल्य की दुकानों से शक्कर का भंडारण कम या नहीं हो पाया है, जिसके कारण कई कार्ड धारकों को प्रति कार्ड के पीछे 17 रुपए की दर से एक किलोग्राम मिलने वाली शक्कर मिल नहीं पा रही है। ▶▶|शेष पेज 5 पर

पिछले 5 महीने से शक्कर आना बंद

जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारियों के अनुसार सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत उचित मूल्य की दुकानों में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) और छत्तीसगढ़ खाद्य सुरक्षा अधिनियम (सीजीएफएसए) द्वारा चावल, नमक के साथ शक्कर भी वितरण किया जाता है। योजना के तहत छत्तीसगढ़ में प्रति कार्ड धारक को एक किलोग्राम शक्कर 17 रुपए की दर से वितरित की जाती है, लेकिन पिछले करीब 5 महीने से एनएफएसए से शक्कर की सप्लाई नहीं हो पा रही है। इसके कारण सबसे ज्यादा अंत्योदय वर्ग के कार्ड धारक प्रभावित हो रहे हैं।


छग में रोज चाहिए 600 टन शक्कर, सप्लाई 400 टन, कीमत पहुंची 65 से 70 रुपए

राज्य के कारखानों से भी शक्कर की आपूर्ति में भारी गिरावट

सूत्रों की माने तो प्रदेश में संचालित सहकारी शक्कर कारखानों से शक्कर की आपूर्ति में पिछले 3 साल से भारी गिरावट आई है, जिसके कारण नागरिक आपूर्ति निगम के सभी जिलों के गोदामों में भी शक्कर का भंडारण पहले की तुलना में 40 से 45 प्रतिशत ही हो रहा है। इस वजह से उचित मूल्य की दुकानों में भी मांग के अनुसार 50 प्रतिशत या उससे कम शक्कर का भंडारण किया जा रहा है।

रायपुर में हर महीने 50 हजार से अधिक कार्ड धारक शक्कर से वंचित

रायपुर जिले में साढ़े छह लाख से अधिक कार्ड धारक हैं। सूत्र के अनुसार इनमें से 50 हजार से अधिक कार्ड धारकों को हर महीने दुकानों में भंडारण की कमी के कारण शक्कर नहीं मिल पाती है। इनमें ज्यादातर कार्ड धारकों की शक्कर समय पर भंडारण नहीं करने तथा महीना खत्म होने के कारण लैप्स हो जाती है।

दुकानदार लगातार कर रहे शक्कर भंडारण की मांग

उचित मूल्य दुकानों के कई संचालकों ने हरिभूमि से बातचीत में बताया कि उनके द्वारा हर महीने पंजीकृत कार्ड धारकों के अनुसार शक्कर की मांग की जाती है, लेकिन भंडारण अधिकतम 50 प्रतिशत ही किया जाता है, जिसके कारण हर महीने बड़ी संख्या में कार्ड धारकों को शक्कर बांट नहीं पाते है।

भंडारण में लापरवाही हुई तो कार्रवाई

राशन दुकानों में मांग के अनुसार भंडारण कराना है। अगर दुकानों में कहीं शक्कर का भंडारण करने में लापरवाही या कोताही बरती जा रही है, तो इसकी जांच कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई के लिए प्रस्ताव भेजा जाएगा।

कीर्तिमान सिंह राठौर
अपर कलेक्टर रायपुर

सोने का सच्चा भाव
आनंद का सच्चा भाव
18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹121171/-
22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹147990/-
24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹161545/-
Live Rate आनंद ज्वेल्स के मोबाइल ऐप पर चेक करें।
anand Jewels
Pandri, Raipur

खबर संक्षेप

इमरान अस्पताल से फिर भेजे गए जेल

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को मेडिकल जांच के बाद शुक्रवार को इस्लामाबाद के शिफा इंटरनेशनल हॉस्पिटल से वापस अडियाला जेल भेज दिया गया। जियो न्यूज के मुताबिक, अस्पताल पहुंचने के बाद 6 डॉक्टरों की टीम ने उनकी मेडिकल जांच की। जांच के बाद डॉक्टरों ने कहा कि इमरान खान को अस्पताल में भर्ती रखने की जरूरत नहीं है और उन्हें जेल में ही रखा जा सकता है।

मणिपुर : 27 करोड़ की ड्रग्स के साथ 6 तस्कर गिरफ्तार

इंफाल। मणिपुर के जिरीबाम जिले में सुरक्षा बलों ने 27 करोड़ रुपए से ज्यादा कीमत की ड्रग्स के साथ 6 तस्करों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस ने संयुक्त रूप से की। यह ऑपरेशन गुरुवार को तुपीधार इलाके में चलाया गया। बाराक नदी के रास्ते तस्करों के आने की सूचना मिलने पर असम राइफल्स ने एक नाव को रोका। नाव में सवार लोगों ने भागने की कोशिश की, जिसके बाद जवानों ने उनका पीछा कर उन्हें पकड़ लिया।

यौन शोषण : दोषी उपदेशक को 4 बार मौत की सजा

चेन्नई। तमिलनाडु के तिरुनेलवेली की विशेष पॉक्सो कोर्ट ने चार नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण के दोषी 47 साल के उपदेशक एस. अब्राहम को चार बार मौत की सजा सुनाई। वह एक प्रार्थना चर्च चलाता था। अब्राहम 8, 12 और 13 साल की बच्चियों को नैतिक शिक्षा और बाइबिल की कक्षाओं के बहाने बुलाता था। अपराध के बाद उन्हें किसी को बताने पर धमकी देता था।

दिल्ली पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ दर्ज किया केस

पैलेट गन पर बवाल, धरने पर बैठे राहुल 6 घंटे बाद आखिरकार एफआईआर दर्ज

राजधानी दिल्ली में शुक्रवार को पैलेट गन मुद्दे पर हंगामा हुआ। काकरोच पार्टी के प्रदर्शन के दौरान घायल छात्र की एफआईआर कराने को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी शुक्रवार को पीड़ित संग दिल्ली के संबंधित थाने और संसद मार्ग पर धरने पर बैठ गए। धरने के 6 घंटे बाद अज्ञात के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। पीड़ित छात्र का आरोप है कि पैलेट गन के छर्रे लगने से उसकी आंख की रोशनी चली गई है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पीड़ित 19 वर्षीय साहिल लोचब, उसके परिजन व अन्य कांग्रेस नेताओं के साथ केस दर्ज कराने के लिए शुक्रवार दोपहर करीब 11.30 बजे से संसद मार्ग में धरना दे रहे थे। शाम करीब 5.30 बजे दिल्ली पुलिस ने झुकते हुए अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। राहुल ने साहिल को लगे छर्रे दिखाकर कहा था- 'पैलेट गन चलने के सबूत हैं। ये छर्रे साहिल के शरीर से निकले हैं। अगर पुलिस ने गन नहीं चलाई तो किसने चलाई है। पुलिस कह रही है कि उन्हें एफआईआर नहीं करने के ऊपर से निर्देश हैं।' राहुल के साथ प्रियंका गांधी, अधीर रंजन चौधरी, सलमान खुर्शीद और जयराम रमेश भी मौजूद थे। 20 जुलाई को संसद मार्च के दौरान प्रदर्शन कर रहे छात्र साहिल घायल हो गए थे।

राहुल का आरोप

राहुल का आरोप है कि 20 जुलाई के प्रदर्शन में साहिल पैलेट गन से घायल हुए। 14 अगस्त को उन्होंने दिल्ली पुलिस को लिखित शिकायत दी थी, लेकिन उन्हें शिकायत की कॉपी ही नहीं मिली। 17 अगस्त को ईमेल और फोन से भी शिकायत पर कार्रवाई की मांग की गई, लेकिन कुछ नहीं हुआ। राहुल ने कहा कि दिल्ली पुलिस का कहना है कि उन्होंने छर्रे नहीं चलाए। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर पुलिस ने नहीं चलाए तो फिर किसी और ने चलाए होंगे, लेकिन क्राइम तो हुआ है क्योंकि साहिल के शरीर में छर्रे मौजूद हैं। गांधी ने कहा कि उनकी सिर्फ एक मांग है कि इस मामले में एफआईआर दर्ज की जाए।



- जंतर-मंतर धरने में घायल छात्र को लगे छर्रे दिखाए कांग्रेस नेता ने
- भाजपा ने कहा- पुलिस पर हमला हुआ, तब राहुल नहीं बोले

नहीं दर्ज की जा रही थी एफआईआर

दिल्ली में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रदर्शन के दौरान छर्रे लगने से घायल हुए 19 वर्षीय साहिल लोचब की मां ज्योति पिछले कई दिनों से एफआईआर दर्ज कराने के लिए एक थाने से दूसरे थाने के चक्कर काट रही थीं। शुक्रवार को वह अपने बेटे के साथ संसद मार्ग थाने पहुंचीं, जहां कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी उनके साथ मौजूद थे। ज्योति ने पुलिस पर एफआईआर ▶▶|शेष पेज 5 पर

यह है मामला

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के नेतृत्व में हुए आंदोलन के दौरान 20 जुलाई को संसद तक निकाले गए मार्च में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हुई थी। इस दौरान कथित तौर पर आंदोलनकारियों पर पैलेट गन का इस्तेमाल किया गया था। यह आंदोलन शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर 20 जून को शुरू हुआ था और प्रधान के इस्तीफे के बाद 25 जुलाई को खत्म हुआ।

राहुल भटका रहे देश का ध्यान : भाजपा

इधर, भाजपा ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस को जब यह एहसास हुआ कि 'वंदे मातरम' पर उसका रुख गलत था, तो ध्यान भटकाने के लिए राहुल ने यह धरना दिया। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि विपक्ष के नेता 'अराजकता की राजनीति' कर रहे हैं। जेपी नड्डा ने कहा 'अगर हम इस पूरे ड्रामे के समय पर गौर करें तो हमें पता चलता है कि कांग्रेस पार्टी को इस समय पूरे देश में 'वंदे मातरम' के मुद्दे पर कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। 'अपनी इस देश-विरोधी छवि को छिपाने और भारी शर्मिंदगी से ध्यान हटाने के लिए, राहुल ने जल्दबाजी में लोगों का ध्यान भटकाने के मकसद से यह नया ड्रामा रचा है।' स्मृति ईरानी ने कहा कि वंदे मातरम के मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी एक चक्रव्यूह में फंस चुकी है।

सीएम ने कहा-परीक्षा प्रक्रिया को प्रभावित करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

परीक्षा की शुचिता बनाए रखना प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कृषि विवि में प्रश्नपत्र लीक मामले को लेकर शासन भी एक्शन मोड में आ गई है। पूरे मामले पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्पष्ट कहा है कि प्रदेश में



परीक्षाओं की शुचिता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता से किसी भी स्तर पर समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। परीक्षा प्रक्रिया को प्रभावित करने या विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। प्रकरण की निष्पक्ष और विस्तृत जांच के निर्देश दिए हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा पांच सदस्यीय जांच समिति गठित की गई है। साथ ही प्रकरण में तेलीबांधा थाने में अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। मामले की तकनीकी जांच में साइबर सेल की भी सहायता ली जा रही है, ताकि प्रश्नपत्र के प्रसारण की पूरी कड़ी का पता लगाया जा सके।

प्रश्नपत्रों का होगा मिलान

गठित जांच समिति द्वारा सोशल मीडिया पर प्रसारित प्रश्नपत्र और परीक्षा में उपयोग किए गए मूल प्रश्नपत्र का मिलान करने के साथ ही यह पता लगाया जाएगा कि प्रश्नपत्र सबसे पहले किस स्रोत से बाहर आया, किन माध्यमों से आगे प्रसारित हुआ और इसकी पहुंच कहां तक रही। पुलिस एवं साइबर सेल द्वारा उपलब्ध डिजिटल साक्ष्यों और अन्य तथ्यों के आधार पर भी जांच आगे बढ़ाई जाएगी। संबंधित अधिकारियों को जांच में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरतने और प्रकरण से जुड़े सभी तथ्यों को सामने लाने के निर्देश दिए गए हैं। गौरतलब है, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय की बीएससी एग्रीकल्चर द्वितीय ▶▶| शेष पेज 5 पर

दीपके ने भाजपा पर लगाया आरोप

जयपुर में बवाल, सीजेपी प्रवक्ता को 'गुंडों' ने पीटा

एजेंसी ▶▶| जयपुर

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) प्रवक्ता आशुतोष रांका और उनके साथियों पर जयपुर, राजस्थान में हमला हुआ है। रांका शुक्रवार सुबह 10 बजे बगरू के राजकीय प्राथमिक स्कूल रामपुरा कंवरपुरा का निरीक्षण करने पहुंचे थे। तभी कुछ लोगों ने उन्हें पीटकर वहां से खदेड़ दिया। उनकी गाड़ियों पर भी पथराव किया गया। रांका के साथ मौजूद महिला समर्थकों पर भी मिट्टी फेंकी गई।

भाजपा की गुंडागर्दी

रांका ने कहा- आज पूरे देश ने भाजपा की गुंडागर्दी लाइव देखी है। ये शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के कहने पर हुआ है। 48 घंटे का अल्टीमेटम दे रहे हैं। हमलावरों की गिरफ्तारी हो और स्कूल निरीक्षण रोकने का आदेश वापस लिया जाए। ऐसा नहीं हुआ तो पूरे राजस्थान में आंदोलन करेंगे और दिलावर के इस्तीफे की मांग करेंगे।'

राज्य सरकार ने सभी विभागों के लिए जारी किया आदेश

ट्रेनिंग के साथ अब जीने की कला भी सीखेंगे सरकारी अधिकारी-कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार के अधिकारी-कर्मचारी अब सरकारी कामकाज की ट्रेनिंग के साथ ही जीने की कला भी सीखेंगे। दरअसल जब कर्मियों पर काम का दबाव बढ़ता है तो वे काम के बोझ से शारीरिक और मानसिक रूप से थकते हैं, लेकिन अब उन्हें इस दबाव और चुनौती से मुक्ति मिलने की संभावना है। इसके लिए राज्य सरकार ने आर्ट ऑफ लिविंग संस्था से एमओयू किया है।

इस संबंध में राज्य शासन के


आर्ट ऑफ लिविंग के साथ करार

सामान्य प्रशासन विभाग ने प्रदेश सरकार के सभी विभागों, सभी विभागाध्यक्षों और सभी कलेक्टरों के लिए आदेश जारी कर दिया है। कहा गया है कि राज्य में संचालित विभिन्न प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थाओं छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी, राज्य ▶▶|शेष पेज 5 पर

सीखेंगे ये गुर

राज्य सरकार के साथ हुए एमओयू में आर्ट आफ लिविंग ने कार्यक्रम की विषयवस्तु बताई है, जिसमें दैनिक अभ्यास के लिए लघु और मध्यम योगासन, योग, प्राणायाम और ध्यान, ध्यान और झपकी लेने की तकनीकें, शरीर-श्वास-मन के जटिल तंत्र का विज्ञान, एकाग्रता और विश्राम के लिए श्वास का नियंत्रण, सुदर्शन क्रिया आदि का जिक्र है।



पुल के लिए तीन साल पहले 6 करोड़ मंजूर पर काम का पता नहीं

तैरकर स्कूल पहुंच रहे बच्चे, राशन के लिए भी पार करनी पड़ रही नदी

शेख हसन खान ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के ग्राम जरंडी के ग्रामीण आज भी ऐसी जिंदगी जीने को मजबूर हैं, जहां रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने के लिए उन्हें अपनी जान जोखिम में डालनी पड़ती है। गांव और जंगल धवलपुर के बीच बहने वाली बड़ी नदी पर पुल नहीं होने के कारण ग्रामीणों के सामने बरसात के दिनों में सबसे बड़ी चुनौती खड़ी हो जाती है। नदी में पानी बढ़ने और तेज बहाव के बावजूद ग्रामीण जान हथेली पर रखकर नदी पार करने को मजबूर हैं। ▶▶|शेष पेज 5 पर

हरिभूमि सरोकार



पुल के लिए 2023 में 6 करोड़ मंजूर

बाकड़ी नदी में उच्च स्तरीय पुल निर्माण के लिए 2023 में कांग्रेस सरकार के दौरान 6 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है। सर्वे का कार्य हो चुका है लेकिन इससे आगे कुछ नहीं हो रहा है। सरपंच दिनेश कुमार नेताम, उपसरपंच बालकिशन ध्रुव, गजपति ने बताया कई बार पुल निर्माण की मांग कर चुके हैं अब तक कोई ध्यान नहीं दिया गया। अब इस मामले को लेकर क्षेत्र का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात करेगा।

विधायक जनक ध्रुव ने की मोटरबोट चलाने की मांग

बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने कहा कि यहां के नदी में अभी कमर से ऊपर पानी चल रहा है। स्कूली बच्चे जान जोखिम मे डालकर पढ़ाई करने आ रहे हैं। बच्चो की सुरक्षा को देखते हुए जिला प्रशासन को चाहिए कि मोटरबोट की व्यवस्था की जाए और सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाएं। साथ ही पुल निर्माण किया जाए। अन्यथा आंदोलन किया जाएगा।

चिंतन

सरकार को दबाव में लेने की कोशिश में विपक्ष

लोकतंत्र में विपक्ष का काम केवल सरकार की आलोचना करना नहीं, बल्कि सत्ता से जवाब मांगना और जनता के मुद्दों को मजबूती से उठाना भी होता है, लेकिन जब राजनीतिक विरोध और दबाव की रणनीति अपनाई जाती है, तब सवाल उठना स्वाभाविक है कि विपक्ष मुद्दा उठा रहा है या सरकार को दबाव में लेने की कोशिश कर रहा है। दिल्ली में जंतर-मंतर प्रदर्शन के दौरान घायल छात्र की एफआईआर को लेकर राहुल गांधी का संसद मार्ग थाने के बाहर धरने पर बैठना और राजस्थान में सरकारी स्कूल की स्थिति देखने गई एक कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) कार्यकर्ता आशुतोष रांका और उनकी टीम के साथ विवाद, इसी व्यापक राजनीतिक प्रवृत्ति की ओर संकेत करते हैं। जंतर-मंतर मामले में छात्र साहिल का आरोप गंभीर है। उसका दावा है कि प्रदर्शन के दौरान पैलेट गन के छर्रे लगने से उसकी दाहिनी आंख की रोशनी लगभग चली गई और शरीर में बड़ी संख्या में छर्रे अब भी मौजूद हैं। यदि यह आरोप सही है तो यह केवल एक छात्र की चोट का मामला नहीं, बल्कि पुलिस कार्रवाई और नागरिक अधिकारों से जुड़ा गंभीर प्रश्न है। ऐसे मामले में निष्पक्ष जांच और प्राथमिकी दर्ज होना जरूरी है। पुलिस का यह कहना कि 20 जुलाई की घटनाओं से जुड़े मामलों की जांच पहले से क्राइम ब्रांच कर रही है,तर्कसंगत हो सकता है, लेकिन पीड़ित को शिकायत दर्ज कराने के लिए थानों के चक्कर लगवाना व्यवस्था की संवेदनशीलता पर सवाल जरूर खड़ा करता है। इसी मुद्दे पर विपक्ष की भूमिका भी कसौटी पर है। किसी पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए आवाज उठाना विपक्ष का अधिकार और जिम्मेदारी है, मगर पुलिस थाने के बाहर धरना देकर तत्काल एफआईआर की मांग करना राजनीतिक दबाव की रणनीति भी माना जा सकता है। वहीं, राजस्थान का स्कूल विवाद इस तस्वीर का दूसरा पहलू सामने रखता है। सरकारी स्कूल की वास्तविक स्थिति देखने पहुंची सीजेपी टीम ने मारपीट, पत्थरबाजी और वाहनों में तोड़फोड़ के आरोप लगाए, जबकि ग्रामीणों ने इसे केवल तीखी बहस बताया। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें आशंका थी कि स्कूल का मौजूदा ढांचा हटाया जा सकता है, जबकि टीम का दावा है कि वह केवल स्कूल की स्थिति देखने गई थी। ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल की मरम्मत के लिए फंड मंजूर हो चुका है। इमारत कंडम हो चुकी थी इसलिए दूसरी जगह कक्षाएं लगवाई जा रही हैं। ऐसे में इस मामले को राजनीतिक रंग देना कहां तक उचित है? हालांकि दोनों पक्षों के दावों में जमीन-आसमान का अंतर है। ऐसे में राजनीतिक बयानबाजी से पहले तथ्य सामने आना जरूरी है। विडंबना यह है कि स्कूल, छात्र और पुलिस कार्रवाई जैसे जनता से सीधे जुड़े मुद्दे भी राजनीतिक खेमेबंदी में बदलते जा रहे हैं। लोकतंत्र में सरकार से सवाल पूछना जरूरी है, लेकिन सवालों का जवाब तथ्यों से मिलना चाहिए और विपक्ष की आवाज भी तथ्यों पर आधारित होनी चाहिए। सरकार यदि वास्तव में पारदर्शी है तो उसे जांच से डरना नहीं चाहिए। वहीं, विपक्ष को भी यह समझना होगा कि हर प्रशासनिक कार्रवाई को राजनीतिक दमन बताना उसकी विश्वसनीयता को कमजोर कर सकता है। जंतर-मंतर की घटना में निष्पक्ष जांच हो, घायल छात्र को न्याय मिले और दोषी चाहे कोई भी हो, उस पर कार्रवाई हो। राजस्थान के स्कूल विवाद में भी आरोपों की स्वतंत्र जांच हो और सरकारी स्कूल की वास्तविक स्थिति जनता के सामने आए। लोकतंत्र की मजबूती सड़क पर शक्ति प्रदर्शन से नहीं, संस्थाओं की निष्पक्षता और राजनीतिक दलों की जवाबदेही से होती है।



मुद्दा
विवेक मिश्रा

पीढ़ीगत विभाजन : कितने अभिमन्यु-भीष्म

सोशल मीडिया की आभासी दुनिया में निर्मित एक व्यंग्य समूह जंतर- मंतर वेधशाला के निकट, देश के सभी जेनजी नक्षत्रों को एक ही कक्षा में इस प्रकार स्थापित कर देगा कि एक दशक से अधिक पुरानी सुदृढ़ सत्ता को ग्रहण झेलना पड़े, ऐसा आंकलन शायद ही किसी ने किया होगा। आंदोलन की सफ़लता के बाद सीजेपी नामक इस व्यंग्य समूह की आगामी योजनाओं पर सबकी नजर टिकी थी। 6 अगस्त को सीजेपी का नेतृत्व एक प्रेस वार्ता आयोजित करता है, ठीक कुछ घंटे पहले जब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत का पूर्व निर्धारित संवाद कार्यक्रम जेनजी के साथ होने वाला था। यह महज संयोग था या भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था में सत्ता स्थापना के आधार संगठन के रूप में सीजेपी को विकल्प की तरह प्रस्तुत करने की सुनियोजित नीति थी ? सीजेपी खुद को एक दबाव समूह (पब्लिक प्रेशर ग्रुप) के तौर पर बढ़ाने की घोषणा करती है। संगठन के विस्तार की दृष्टि से संपूर्ण देश को पांच ज़ोन में बांटकर, प्रत्येक जोन का एक प्रभारी नियुक्त करने का ऐलान होता है।

आईटी मीडिया, शोध व नीति, न्यायिक, वित्तीय जैसी इकाइयों के निर्माण की बात मुख्य संयोजक अभिजीत दीपके के नेतृत्व में रखी गई। दीपके ने सितम्बर से संपूर्ण देश में 'क्या बोलती पब्लिक' अभियान को आम जनता के बीच ले जाने की बात कही, जिसका उद्देश्य लोगों के सुझावों, अपेक्षाओं और चिंताओं को सुनना बताया। इस कार्ययोजना का सबसे अहम हिस्सा इस सवाल पर केंद्रित था कि सीजेपी एक समूह के रूप किन विषयों को लेकर आगे बढ़ेगी? जिसे स्पष्ट करते हुए शिक्षा सुधार, चुनाव आयोग, न्याय पालिका, मुख्यधारा की टीवी मीडिया और दलबदल करते नेताओं की जवाबदेही जैसे मुद्दों से सम्बद्ध हो, आगे बढ़ने की बात रखी गई। इन सभी संदर्भित मुद्दों की समालोचनात्मक समीक्षा करने पर कुछ रोचक बातें प्रकट होती हैं। यह सभी मुद्दे ऐसे हैं जो सीधे जनसरोकार से जुड़ते हैं या जनसंवाद में आमतौर पर कहे-सुने जाते रहे हैं। विशेषकर जेनजी आयुवर्ग इन विषयों पर बहुत मुखर रहता है। शिक्षा सुधार का विषय तो व्यापक स्वरूप ले ही चुका है। शिक्षा संस्थाओं में जेनी जी और अल्फ़ा युवाओं से नित्य संपर्क में आने वाले, कार्यरत सरकारी हाई स्कूल व हायर सेकंडरी शिक्षकों की औसत आयु देशभर में 42 से 45 वर्ष है, जबकि निजी स्कूलों में यही आयु औसत 32 से 35 वर्ष का है। तथ्यात्मक रूप से शिक्षकों और अध्यनरत विद्यार्थियों की आयु सीमा का यह अंतर जिसे हम अंग्रेजी में जेनरेशन गेप कहते हैं, इस नई युवा श्रृंखला को पढ़ने-गढ़ने में कितना और कैसे प्रभावित करेगा, यह शोध का विषय है, लेकिन यह सीजेपी की विस्तार नीति में प्रमुख स्थान रख सकता है। भारतीय मुख्य न्यायाधीश की टिप्पणी से जन्मी सीजेपी, न्यायिक प्रणाली में विलंब, उच्च न्यायालयों में मुकदमों की सुनवाई व चयन प्रक्रिया जैसे सामान्य जन आधारित पहलुओं को न सिर्फ छू रही है, बल्कि बेहद बेबाकी से प्रकट करती है। इन सबको उम्र के तराजू पर तोलने की रणनीति की ओर बढ़ती लगती है।

चूंकि देश के सभी न्यायाधीशों की उम्र सर्वोच्च न्यायालय में 59 से 61 वर्ष तो उच्चतम न्यायालय में 51



से 53 वर्ष है। लंबे कार्यकाल उपरांत पदस्थापना, अनुभव व गुणवत्ता की दृष्टि से तो ठीक नजर आते हैं, पर नियुक्ति से रिटायरमेंट तक कार्य अवधि में कमी पाई जाती है। चुनाव आयोग पर, अधिकारियों व कर्मचारियों की कम संख्या, ईवीएम, एस.आई.आर और जवाबदेही से जुड़े विपक्ष के प्रश्न तो हैं ही। इस सब के मध्य केंद्रीय व राज्यों के चुनाव आयोगों में पदाधिकारियों की उम्र का माध्य भी 45 से 48 वर्ष होना, सीजेपी के केंद्र में दिखता है। औसत उम्र का यह पैमाना, मुख्य धारा के टीवी मीडिया समूहों और एंकरों से जुड़े मुद्दे में भी निकलकर आता है। वहां समाचार वाचकों (एंकरों) की उम्र भी अधिकांशतः 40 से 45 वर्ष के निकट निकल कर आती है। इन तथ्यों को कपोल कल्पित कयास नहीं कहा जा सकता है। ऐसे दो प्रसंग हैं जब सीजेपी संयोजक अभिजीत दीपके ने बुजुर्ग नेतृत्व को नकारा है।

अन्ना हजारे के विषय में कहा कि - 'कब तक बुड्ढे लोग सब कुछ निर्णय करेंगे, जिनका सब कुछ हो गया है। 60-70 की उम्र वाले लोग रिटायर्ड हों, आश्रम में बैठें'। सीजेपी नेतृत्व का स्पष्ट मानना रहा है कि बड़ी उम्र के नेताओं से संवाद करके क्या हासिल होगा? यह दबाव समूह एक नए तरह के वोटबैंक को भारतीय राजनीति में स्थापित करने की तैयारी में है, जहां सीजेपी की भूमिका किंग मेकर की रहे, जैसी भाजपा की विजय में आर.एस.एस. की रहती है। युवा मतदाताओं के नाम से अब तक प्रचलित एक बड़े वोटर समूह को, ऐसे जेन-जी आयु वर्ग में विभाजित किया गया है, जिनका 2029 के चुनाव में हिस्सा 25% रहेगा। कुल मतदाताओं की संख्या 38 करोड़ होगी और हर चार में से एक मतदाता जेन-जी रहेगा। संभावित है, जो समूह या राजनीतिक दल इनका प्रतिनिधित्व करेगा, वही देश का भी प्रतिनिधित्व करेगा। जेनजी में एकमुश्त मतदान करने की प्रवृत्ति देखी जा सकती है, क्योंकि यह जाति और धर्म के समूहों में प्रायः कम ही जुटता है। इस संपूर्ण तर्क की प्रथम परीक्षा आगामी उत्तरप्रदेश के विधानसभा चुनावों में आयोजित होगी, जहां मतदान देने वाले जेन जी युवाओं और उनसे ठीक पहले की जेनरेशन 'मिलेनियंस' की संख्या लगभग एक समान रहने वाली है। जेन-जी मतदाताओं की संख्या इस चुनाव में 45 करोड़ होगी अर्थात 34 प्रतिशत की कुल मतदाताओं में हिस्सेदारी, जबकि मिलेनियन जेनरेशन की संख्या 44 से 46 करोड़ बताई जा रही है। इसके अनुसार इनकी हिस्सेदारी भी 34 प्रतिशत से 35 प्रतिशत के बीच रहेगी। लेकिन जैसा कि सामने आता है, मिलेनियंस की जेनरेशन कई मुद्दों और कारणों के चलते, मत विभाजन से गुजरती है और जेन जी इनसे अप्रभावित रहकर मत रखने के लिए जानी जाती है ।

ऐसे में, इस नई पीढ़ी का एकमुश्त झुकाव किसी एक दल या व्यक्ति के प्रति उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनाव में निर्णायक हो सकता है। इसलिए देश के सभी राजनीतिक दल और संघ अब जेनजी संवाद को प्राथमिकता दे रहे हैं। चुनावी राजनीति की दृष्टि से मतदाताओं की यह लामबंदी यद्यपि ठीक हो, लेकिन एक देश के रूप में भारतीय मतदाताओं को जाति, धर्म और अब पीढ़ी के आधार पर पुष्ट और तुष्ट करने की यह व्यूह रचना, कितने अभिमन्यु लील जाएगी? कितने भीष्म शर शैय्या पर पहुंचाएगी? यह विवेकपूर्ण विमर्श हमें करना होगा। नित नए विभाजन से हम देश में महाभारत का अखाड़ा तो खड़ा कर सकते हैं, लेकिन महान भारत का नगाड़ा हम विश्व को नहीं सुना सकेंगे। अभिमन्यु, अर्जुन और भीष्म को पीढ़ीगत आतंरिक संघर्ष में झोंकने से श्रेयस्कर है, हम इनकी समुचित शक्ति का प्रयोग राष्ट्र के नव उत्कर्ष में करें।

यह महज संयोग था या भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था में सत्ता स्थापना के आधार संगठन के रूप में सीजेपी को विकल्प की तरह प्रस्तुत करने की सुनियोजित नीति थी ? सीजेपी खुद को एक दबाव समूह के तौर पर बढ़ाने की घोषणा करती है। अब पीढ़ी के आधार पर पुष्ट और तुष्ट करने की यह व्यूह रचना, कितने अभिमन्यु लील जाएगी? कितने भीष्म शर शैय्या पर पहुंचाएगी? यह विवेकपूर्ण विमर्श हमें करना होगा। नित नए विभाजन से हम देश में महाभारत का अखाड़ा तो खड़ा कर सकते हैं, लेकिन महान भारत का नगाड़ा हम विश्व को नहीं सुना सकेंगे। अभिमन्यु, अर्जुन और भीष्म को पीढ़ीगत आतंरिक संघर्ष में झोंकने से श्रेयस्कर है, हम इनकी समुचित शक्ति का प्रयोग राष्ट्र के नव उत्कर्ष में करें।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

मंथन
रोहित माहेश्वरी



ऑनलाइन गेमिंग से बर्बाद हो रहे युवा

बीते कुछ सालों में ऑनलाइन गेमिंग का दायरा कुछ इस कदर बढ़ा है कि देश के युवा इसकी चपेट में आकर बर्बाद हो रहे हैं, अपना लाखों-करोड़ों रुपया गंवा रहे हैं। सरकार का अनुमान है कि लगभग 45 करोड़ लोग ऑनलाइन रियल-मनी गेमिंग में हर साल लगभग 20,000 करोड़ रुपये गंवा देते हैं। बीते दिनों पंजाब के नवांशहर में ऑनलाइन गेमिंग में 5 से 7 लाख रुपये की भारी रकम हारने के बाद तीन दोस्तों ने कथित तौर पर जहर खा लिया। इस दर्दनाक घटना में 21 वर्षीय युवक और एक किशोर की मौत हो गई, जबकि तीसरे किशोर का इलाज अस्पताल में जारी है। बीती 8 अगस्त को शाहजहांपुर में ऑनलाइन गेम में हारने से अवसादग्रस्त एक 36 वर्षीय युवक ने आत्महत्या कर ली। 30 जुलाई को बिहार के कटिहार में ऑनलाइन गेमिंग की लत एक युवक के लिए जानलेवा साबित हुई। बीती मार्च में कर्नाटक के 'बीदर आयुर्विज्ञान संस्थान' के 21 वर्षीय मेडिकल छात्र ने ऑनलाइन गेमिंग में 80,000 रुपये गंवाने के बाद वित्तीय दबाव से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। सस्ते इंटरनेट और किफायती स्मार्टफोन के बदौलत भारत ने न सिर्फ 'डिजिटल इंडिया' तक का सफर तय किया। बल्कि इसके साथ-साथ ऑनलाइन रियल मनी गेमिंग और बेटिंग जैसी इंडस्ट्री भी फलने-फूलने लगी। भारत में ऑनलाइन रियल मनी गेमिंग की शुरुआत किफायती इंटरनेट और स्मार्टफोन के साथ ही शुरू हुई। इंटरनेट और मोबाइल फोन ने इसका आधार बनाया और लोगों के बीच में तेजी से पॉपुलर किया। साल 2006 से 2010 के बीच में भारतीय मोबाइल यूजर्स के बीच ऐस-2-थ्री और 'रम्मी सर्कल' जैसे शुरुआती प्लेटफॉर्म्स ने ऑनलाइन रम्मी गेम्स को बढ़ावा दिया। 2008 में 'ड्रीम11' की शुरुआत हुई, जिसने 2012 से रियल मनी फैंटेसी क्रिकेट पेश किया। इस गेम के विनर्स से ऐसी माउथ पब्लिसिटी मिली कि देश में लगभग हर तीसरे क्रिकेट फैन के फोन में यह ऐप या ऐसी ही दूसरी ऐप मिल जाएगी। साल 2016 में भारत में टेलीकॉम कंपनियां ने मोबाइल इंटरनेट को काफी हद तक किफायती कर दिया। पूरे महीने के लिए मिलने वाला 1 से 2 जीबी डाटा डेली कर दिया गया। इससे मोबाइल गेमिंग के यूजर्स में काफी बढ़ोतरी हुई। किफायती इंटरनेट ने डिजिटल इंडिया को भी बढ़ावा मिला। यूपीआई ने न सिर्फ डिजिटल पेमेंट्स को आसान बनाया बल्कि रियल मनी गेमिंग प्लेटफॉर्म से ट्रांजेक्शन को भी आसान बना दिया। अब लोग आसानी से इन प्लेटफॉर्म में रुपये लगा सकते थे और जीतने पर आसानी से निकाल भी सकते थे। 2017 में पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने 'ड्रीम11' के फॉर्मेट को 'गेम ऑफ स्किल' करार दिया। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने भी इस फैसले को बरकरार रखा। इससे पहले रम्मी को भी स्किल-बेस्ड गेम करार दिया जा चुका था। सुप्रीम कोर्ट के इन फैसलों के बाद भारत में रियल मनी गेमिंग को कुछ हद तक कानूनी मान्यता मिली और भारत में गेमिंग इंडस्ट्री को तेजी मिली। कोविड-19 के चलते लगे लॉकडाउन में लाखों यूजर्स ने मनोरंजन के लिए इस तरह के गेमिंग प्लेटफॉर्म का रुख किया। वहीं इस बीच इस तरह के गेमिंग प्लेटफॉर्म को घरेलू निवेशकों के साथ-साथ जमकर एफडीआई भी मिले। अकेले 2018 से 21 के बीच में ऑनलाइन गेमिंग को 700 मिलियन डॉलर से ज्यादा का विदेशी निवेश मिला और ड्रीम11, एमपीएल जैसे स्टार्टअप देखते-देखते यूनिकॉर्न बन गए। भारत के ऑनलाइन गेमिंग को मिले बूम के चलते 2023 तक भारत में इसका मार्केट साइज 3.7 अरब डॉलर का हो चुका था। इसके साथ ही 2029 तक इसके 9.1 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। निस्संदेह, ऑनलाइन गेम के लालच में किशोर-युवा विवेक खो देते हैं। आज कम कीमत पर मोबाइल फोन और कनेक्टिविटी मौजूद हैं और इसकी वजह से ऑनलाइन जुए की लोकप्रियता पूरी दुनिया में फ़ैल रही है जो कि यह एक चिंता का विषय बन गया है। वास्तव में, आज मोबाइल दुधारी तलवार जैसे हो गए हैं। सूचना-संवाद तो देते हैं, साथ ही तमाम आघातों की आशंकाएं भी रहती हैं। जो मोबाइल बच्चों को ऑनलाइन पढ़ाई और संवाद के लिए दिए जाते हैं, उसका दुरुपयोग बच्चे ऑनलाइन गेमिंग व वर्जित सामग्री देखने के लिए करने लगे हैं। पुरानी पीढ़ी बेबस है कि वे बच्चों की निगरानी कैसे करें? वे पढ़ रहे हैं या गेम खेल रहे हैं? कहना कठिन है कि ऑनलाइन खेलों को कितने पारदर्शी तरीके व ईमानदारी के साथ संचालित किया जाता है। बहुत संभव है कि ये गेम भी ऑनलाइन फ्रॉड संस्कृति का ही हिस्सा हों, जो संचालकों के मुनाफे के लिये ही संचालित होते हों। बहरहाल, किशोर व युवक द्वारा मोटी रकम हारने के बाद खुदकुशी करना परिवार, समाज व देश की बड़ी क्षति है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

सब प्राणियों का प्रेम व स्नेह से मार्गदर्शन करती हैं मां जगदंबा



संकलित
दर्शन

इस जगत की प्रत्येक वस्तु, चर या अचर का मूल स्रोत एक निगूढ़ शक्ति है, जो तर्क और बुद्धि की सीमा के परे है! कोई पूछे कि यह शक्ति स्त्रीलिंग है या पुंल्लिंग, तो उत्तर के स्त्रीलिंग होने की संभावना अधिक है। जैसे एक नए जीवन को गढ़ने के लिए सहनशीलता, धैर्य, करुणा और क्षमता एक मां में ही होती है, वैसे ही विश्वमातृत्व की अनंत शक्ति ही इतने महत एवं विशाल जगत को जन्म दे सकती है। नवरात्र में, पहले तीन दिन दुर्गा देवी की उपासना की जाती है, फिर अगले तीन दिन लक्ष्मी देवी की और अंतिम के तीन दिन सरस्वती देवी की! देवी के ये तीन रूप क्रमशः तीन गुणों के प्रतीक हैं-तमोगुण, रजोगुण और सतोगुण। यहां हम आश्चर्य में पड़ सकते हैं कि दुर्गा देवी तम की प्रतीक क्यों? भौतिक जगत में रहते हुए थोड़े-बहुत तमोगुण की भी आवश्यकता होती है। तमस पर्याप्त न हो तो हम ठीक से सो भी नहीं पाएंगे। आज कितने लोग अनिद्रा से ग्रस्त नींद की गोलियों के आदी हैं? क्यों उन्हें ठीक से नींद नहीं आती? क्योंकि उनके शरीर में तमस की कमी है। अतः वे अपने शरीर में कृत्रिम रूप से तमस का निर्माण करते हैं! बीच के तीन दिन, देवी की पूजा लक्ष्मी रूप में होती है-रजोगुण के रूप में, जिसकी आवश्यकता किसी भी कार्य को करने में होती है। पैसा कमाना हो, चाहे कोई इच्छा पूरी करनी हो। शरीर में अत्यधिक या अति न्यून रजोगुण होना भी समस्याएं खड़ी करता है। अत्यधिक रजोगुण होगा तो ठीक से सोच भी नहीं सकते और शांति-विश्रांति भी दूर रहती है! फिर तनाव, चिंता और उच्च रक्तचाप हो जाता है।

क्या भोग लगाना पाखंड है?



संकलित
प्रेरणा

एक बार सन् 1989 में मैंने सुबह टीवी खोला तो जगत गुरु शंकराचार्य कांची कामकोटि जी से प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम चल रहा था। एक व्यक्ति ने प्रश्न किया कि हम भगवान को भोग क्यों लगाते हैं। जगद्गुरु शंकराचार्य जी ने कहा यह समझने की बात है कि जब हम प्रभु को भोग लगाते हैं तो वह उसमें से क्या ग्रहण करते हैं। मान लीजिए कि आप लड्डू लेकर भगवान को भोग चढ़ाने मंदिर जा रहे हैं और रास्ते में आपका जानने वाला कोई मिलता है और पूछता है यह क्या है तब आप उसे बताते हैं कि यह लड्डू है। फिर वह पूछता है कि किसका है? तब आप कहते हैं कि यह मेरा है। फिर जब आप वही मिष्ठान्न प्रभु के श्री चरणों में रख कर उन्हें समर्पित कर देते हैं और उसे लेकर घर को चलते हैं तब फिर आपको जानने वाला कोई दूसरा मिलता है और वह पूछता है कि यह क्या है ? तब आप कहते हैं कि यह प्रसाद है फिर वह पूछता है कि किसका है तब आप कहते हैं कि यह हनुमान जी का है। अब समझने वाली बात यह है कि लड्डू वही है। उसके रंग रूप स्वाद परिमाण में कोई अंतर नहीं पड़ता है तो प्रभु ने उसमें से क्या ग्रहण किया कि उसका नाम बदल गया। वास्तव में प्रभु ने मनुष्य के मम-कार को हर लिया। यह मेरा है का जो भाव था, अहंकार था प्रभु के चरणों में समर्पित करते ही उसका हरण हो गया। प्रभु को भोग लगाने से मनुष्य विनीत स्वभाव का बनता है शीलवान होता है। अहंकार रहित स्वच्छ और निर्मल चित्त मन का बनता है। इसलिए इसे पाखंड नहीं कहा जा सकता है।

अंतर्मन



आज की पाती

रक्षा क्षेत्र में बदलती भारत की तस्वीर

भारत की रक्षा नीति इन दिनों एक ऐसे महत्वपूर्ण परिवर्तन के दौर से गुजर रही है जिसमें लक्ष्य केवल विदेशी हथियारों और सैन्य उपकरणों की खरीद करना नहीं, बल्कि उनके निर्माण की पूरी व्यवस्था को देश के भीतर विकसित करना है। रक्षा मंत्रालय के रक्षा उत्पादन विभाग ने 18 अगस्त 2026 को सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण 405 वस्तुओं वाली छठी सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची अधिसूचित की है। इन वस्तुओं का अनुमानित कारोबार मूल्य 3070 करोड़ रुपए है। सूची में भारतीय तटरक्षक बल से संबंधित 16 वस्तुएं और रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों से संबंधित 389 वस्तुएं शामिल हैं। यह निर्णय भारत की रक्षा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। - संदीप अग्रवाल, दुर्ग

ट्रेंड

राजनीतिक हताशा



राहुल गांधी का धरना न तो छात्रों के लिए है और न ही न्याय के लिए; यह कांग्रेस पार्टी की राजनीतिक हताशा और राहुल गांधी की 'फुटेज पाने की भूख' का प्रतीक है। आज कांग्रेस पूरे देश में 'वंदे मातरम' के मुद्दे पर हर तरफ से घिरी हुई है।
- जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

एफआईआर दर्ज हो



मोदी-शाह के राज में शांति से विरोध कर रहे युवाओं पर खुलेआम पैलेट गन चलाई जा सकती है, लेकिन उन्हें इंसाफ नहीं मिल सकता। जब तक एफआईआर दर्ज नहीं होती और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का भरोसा नहीं मिलता हम डटे रहेंगे।
- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

सरकारी स्कूलों का सच



सरकारी स्कूलों में सोशल मीडिया से जुड़े लोगों को जाने से रोकना यह दिखाता है कि इन स्कूलों की हालत सचमुच पूरी तरह से नजरअंदाजी की एक दुखद कहानी बयां कर रही है। स्कूलों में ब्लैकबोर्ड, टॉयलेट, जैसी मूलभूत सुविधाओं की भारी कमी है।
- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

गंभीर वित्तीय संकट



बिहार की वित्तीय स्थिति गंभीर चिंता का विषय बन गई है। राज्य पर सार्वजनिक कर्ज तेजी से बढ़ रहा है। राजकोषीय घाटा जीएसडीपी के 5.8 प्रतिशत तक पहुंच गया है, जो प्रमुख राज्यों में सर्वाधिक है। बिहार गंभीर वित्तीय संकट से गुजर रहा है।
- तेजस्वी यादव, कार्यकारी अध्यक्ष, राजद

करंट अफेयर

अमेरिका और द. कोरिया सैन्य अभ्यास समय से पहले खत्म

अमेरिका और दक्षिण कोरिया की सेनाओं के बीच वार्षिक सैन्य अभ्यास निर्धारित कार्यक्रम से छह दिन पहले शुक्रवार को खत्म होने वाला है। कहा जा रहा है कि उत्तर कोरिया के प्रति नरमी दिखाने के लिए यह फैसला लिया गया है। हालांकि, उत्तर कोरिया ने कहा कि यह कदम उसे वार्ता के लिए मनाने के लिए पर्याप्त नहीं है। सोमवार को शुरू हुए 'उलची फ्रीडम शील्ड' सैन्य अभ्यास से ठीक पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पेंटागन को अभ्यास की अवधि में कटौती करने का आदेश दिया था। ट्रंप ने कहा था कि उन्होंने यह आदेश इसलिए दिया क्योंकि उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन के साथ उनके संबंध अच्छे हैं। साथ ही उन्होंने कहा था कि ईरान युद्ध को लेकर दक्षिण कोरिया ने उनका समर्थन नहीं किया था। उत्तर कोरिया की सत्ता में प्रभावशाली मानी जाने वालीं किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग ने बुधवार को ट्रंप के इस कदम को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि अवधि कम करने से अभ्यास का उकसावे वाला और आक्रामक स्वरूप नहीं बदलेगा।



ऑफ बीट

भोजन और दवाएं बदल सकती हैं त्वचा का रंग

जब हांगकांग में 84 वर्षीय एक व्यक्ति बढ़े हुए प्रोस्टेट के साथ अस्पताल गया, तो डॉक्टर यह देखकर चौंक गए कि उसकी त्वचा - और यहाँ तक कि उसकी आँखों का सफेद भाग भी धूसर रंग का हो गया था। ये मामले आर्गिरिया नामक स्थिति के उदाहरणों को दर्शाते हैं, जिसमें शरीर में चांदी के कण जमा हो जाते हैं। चांदी कभी अपने रोगाणुरोधी गुणों के कारण चिकित्सा उपचारों में मुख्य आधार थी। लेकिन आधुनिक साक्ष्य दर्शाते हैं कि बहुत अधिक मात्रा में इसके सेवन या अवशोषण से व्यक्ति की त्वचा में ऐसे परिवर्तन हो सकते हैं जो शायद ही कभी फीके पड़ते हैं। आर्गिरिया में, चांदी के आयन रक्तप्रवाह के माध्यम से प्रसारित होते हैं और त्वचा की ऊपरी सतह डर्मिस में समा जाते हैं। डर्मिस सतह के नीचे की एक परत है जहां शरीर उन्हें आसानी से साफ नहीं कर सकता है। यह वह परत है जिसमें टैटू पिगमेंट रहते हैं। इसी तरह की एक दुर्लभ घटना क्रिसियासिस है, जिसमें सोने का त्वचा में जमाव होता है। अतीत में पहले कभी सूजन संबंधी विकारों के लिए सोने पर आधारित उपचार किए जाते थे। कुछ मामलों में, इन उपचारों के बाद रोगियों में एक विशिष्ट भूरा या भूरा-बैंगनी रंग का विरंजन विकसित हुआ, जो आर्गिरिया की तरह, आसानी से ठीक नहीं किया जा सकता था।



अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

रायपुर, शनिवार 22 अगस्त 2026 | श्रावण शुक्ल पक्ष दशमी | वर्ष : 25, अंक : 32 | पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00** | haribhoomi.com

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



लगातार हो रही बारिश के बीच पंडरिया क्षेत्र के ग्राम सरैहा में वर्षों पुराना बांध अचानक टूट गया। बांध के मिट्टी वाले हिस्से के बह जाने से बड़ी मात्रा में पानी तेज बहाव के साथ बाहर निकल गया। बांध में अब महज करीब 20 प्रतिशत पानी ही शेष बचा है। पानी के तेज बहाव से आसपास के खेतों में खड़ी धान की फसल प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। वहीं बांध का जलस्तर तेजी से कम होने के कारण आगामी समय में किसानों के सामने सिंचाई का संकट खड़ा होने की चिंता भी बढ़ गई है।

बांध में बचा महज 20 प्रतिशत पानी

वर्षों पुराने बांध के टूटने से करीब 80 प्रतिशत पानी बह जाने की बात सामने आई है। अब बांध में महज करीब 20 प्रतिशत पानी ही बचा है। किसानों को आशंका है कि आगामी दिनों में बारिश कम होने की स्थिति में रबी अथवा अगली फसल के लिए सिंचाई का पानी उपलब्ध कराना मुश्किल हो सकता है। ग्रामीणों ने बांध की तत्काल मरम्मत और जल संरक्षण के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।

कवर्धा इलाके में पुराना बांध टूटा, संकट में सैकड़ों एकड़ फसल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

बांध टूटने की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और मछलियां पकड़ते दिखे। बांध टूटने से किसानों में चिंता का माहौल है। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते बांध की स्थिति का निरीक्षण और आवश्यक मरम्मत कराई जाती तो इस तरह पानी का नुकसान होने से बचाया जा सकता था। ग्रामीणों के अनुसार बांध क्षेत्र में लंबे समय से मिट्टी के कटाव और कमजोर ⏭शेष पेज 5 पर

खास खबर



पानी के तेज बहाव से फसल को नुकसान की आशंका

बांध टूटने के बाद निकले पानी के तेज बहाव से आसपास के खेतों में पानी पहुंच गया है। खेतों में खड़ी धान की फसल को नुकसान होने की आशंका है। किसानों का कहना है कि प्रशासन की टीम मौके पर पहुंचकर वास्तविक स्थिति का आकलन करे, ताकि प्रभावित किसानों को समय पर राहत मिल सके।

आईफोन की जिद ने 5 सेकंड में उजाड़ दिया परिवार

पहाड़ से कूदा बेटा, बचाने में पिता भी गिरा, सदमे में मां ने लगाई छलांग



एजेंसी ⏭ मुंबई

महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। आईफोन की मांग पूरी न होने पर 19 वर्षीय युवक का आत्महत्या के मकसद से पहाड़ी से नीचे कूद गया। उसे बचाने की कोशिश में उसके पिता भी नीचे गिर गए। बेटे और पति को नीचे गिरता देख सदमे से मां ने भी कूदकर जान दे दी। एक ही झटके में पूरा परिवार खत्म हो गया। आईफोन की जिद के चलते तीन लोगों की जान चली गई। पुलिस के मुताबिक, तिसगांव इलाके में शुक्रवार को सुबह 10 के ⏭शेष पेज 5 पर

फायर ब्रिगेड ने बिछाया था सुरक्षा जाल

पुलिस ने बताया, सभी ने कुणाल को समझाने की कोशिश की, लेकिन वह पहाड़ी से नीचे आने को तैयार नहीं था। स्थिति गंभीर होने पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंच गई। फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने पहाड़ी के नीचे सुरक्षा जाल लगाने की कोशिश की।

दोपहर में पिता ने की कोशिश और

दोपहर करीब 1 बजे कुणाल के पिता मुरलीधर भी उसके करीब पहुंचे। उन्होंने बेटे को समझाने के साथ उसे पकड़कर सुरक्षित वापस लाने की कोशिश की। पुलिस के मुताबिक, इसी दौरान कुणाल ने पहाड़ी से नीचे छलांग लगा दी। बेटे को बचाने के प्रयास में पिता ने उसे पकड़ने की कोशिश की, लेकिन इसी दौरान दोनों का संतुलन बिगड़ गया और दोनों पहाड़ी से नीचे गिर गए। पति और बेटे को अपनी आंखों के सामने गिरते देख मां संगीता सदमे में आ गईं। कुछ ही देर बाद उन्होंने भी पहाड़ी से छलांग लगा दी। इस तरह कुछ ही मिनटों में परिवार के तीनों सदस्यों की मौत हो गई। गांव के लोगों, पुलिस और फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने पूरे घटनाक्रम को देखा।



यूपी के 13 जिलों में बाढ़ का कहर, हिमाचल में 219 लोगों की मौत, राजस्थान में गर्मी

देश में मानसून की अलग-अलग तस्वीर नजर आ रही है। उत्तर व मध्य भारत में जहां लगातार बारिश का दौर जारी है, वहीं राजस्थान में बारिश थमने से गर्मी बढ़ गई है। मौसम विभाग ने कई राज्यों में बारिश का यह दौर अगले कुछ दिनों तक जारी रहने का अनुमान जताया है। छत्तीसगढ़ सहित उत्तर प्रदेश, दिल्ली, बिहार, मध्य प्रदेश समेत कई राज्यों में मौसम बिगड़ सकता है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

देश के कई राज्यों में लगातार बारिश जारी है। मध्य प्रदेश के कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। नर्मदा, मंदाकिनी नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। वहीं, उत्तर प्रदेश में भी लगातार बारिश से नदियां उफान पर हैं। 13 जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। गंगा, घाघरा, शारदा, टोंस, सोन और ⏭शेष पेज 5 पर

- कई राज्यों में एलर्ट, छत्तीसगढ़ में सामान्य से मध्यम बारिश की चेतावनी

छत्तीसगढ़ में अगले 7 दिन बारिश का दौर



छत्तीसगढ़ में शनिवार को भी बारिश का अलर्ट है। मौसम विभाग के मुताबिक उत्तर और मध्य छत्तीसगढ़ में कुछ जगहों पर मध्यम से भारी बारिश हो सकती है। राज्य में बारिश का यह दौर अगले कुछ दिनों तक जारी रहने का अनुमान है। आईएमडी के अनुसार दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 21-22 अगस्त के दौरान बारिश की गतिविधियां बढ़ सकती हैं।

राजस्थान में बारिश थमी तो बढ़ी गर्मी

राजस्थान में तस्वीर बाकी राज्यों से अलग है। पिछले कुछ दिनों से प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में बारिश नहीं हुई है। इसका असर तापमान पर दिखाई दिया और गुरुवार को श्रीगंगानगर प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा।यहां तापमान 40.1 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा दर्ज किया गया। हालांकि शुक्रवार को प्रदेश के 15 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है।

एमपी में फिर एक्टिव हुआ मानसून

मध्य प्रदेश में भी बारिश का दौर थमने के आसार नहीं हैं। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी मध्य प्रदेश में 20 से 23 अगस्त और पूर्वी मध्य प्रदेश में 20 से 23 अगस्त तक कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है।

पहाड़ों पर बारिश के साथ बढ़ी चिंता

हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भी बारिश का असर बना हुआ है। उत्तराखंड में 23 अगस्त तक कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना जताई गई है। हिमाचल में 21 अगस्त तक भारी बारिश के आसार हैं।

सक्रिय रहेगा सिस्टम

बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा के कई हिस्सों में बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। बिहार में 20 से 23 अगस्त के बीच बारिश की गतिविधियां बनी रह सकती हैं। वहीं ओडिशा में 21 से 23 अगस्त तक कुछ इलाकों में भारी बारिश हो सकती है।

4300 सरकारी बिजली कनेक्शन प्रीपेड, 3 विभागों ने दिया 3 माह का एडवांस



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

सरकारी विभागों के बिजली कनेक्शनों को प्रीपैड करने में छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी को अंततः आंशिक सफलता मिल गई है। इसकी शुरुआत करते हुए तीन विभागों के 4348 सरकारी कनेक्शनों को प्रीपैड किया गया है। अब तक महज तीन विभागों ने ही तीन-तीन माह ⏭शेष पेज 5 पर

विभागों के बने ग्रुप

पहले चरण में ब्लाक स्तर पर करीब 45 हजार सरकारी बिजली कनेक्शनों को प्रीपैड करने की तैयारी की गई थी, लेकिन अब लगभग सभी डेढ़ लाख कनेक्शनों को प्रीपैड किया जा रहा है। इसके लिए अब जितने भी सरकारी विभाग हैं नगरीय निकाय, शिक्षा, गृह, स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी, पंचायतें सहित जितने भी विभाग हैं उनका-अलग अलग ग्रुप बनाया गया है। ⏭शेष पेज 5 पर

स्टूडेंट की आपत्ति सही तो पैसे होंगे वापस

'आंसर की' पर एनटीए ने दी सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए ने एग्जॉम के बाद जारी 'आंसर की' को चैलेंज करने वाली फीस पर गुरुवार को सफाई दी। एनटीए ने कहा- आंसर की में अगर किसी सवाल का जवाब गलत लगता है तो उम्मीदवार चैलेंज कर सकता है। इसके लिए हर सवाल पर 200 फीस देनी होती है।

यह कहा एजेंसी ने

एजेंसी ने कहा कि फीस इसलिए है, ताकि बेवजह की आपत्तियां न आएं। इसका मकसद छात्रों से पैसे कमाना नहीं है। यानी अगर आपको सच में आंसर की में गलती मिली है और आपकी आपत्ति सही है तो पैसे भी वापस मिलेंगे और लाखों छात्रों का रिजल्ट सही हो सकता है।

वेब चेक-इन नहीं कर पाए लोग, एप लॉगिन और पेमेंट में भी परेशानी

इंडिगो वेबसाइट फिर ठप, टिकट बुकिंग अटकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

एविएशन सेक्टर में करीब 67 फीसदी की हिस्सेदारी रखने वाली देश की सबसे बड़ी एयरलाइंस इंडियो की वेबसाइट में फिर से तकनीकी खामी की शिकायत मिल रही है। यात्रियों ने इंडिगो की वेबसाइट, मोबाइल ऐप से बुकिंग में परेशानी की शिकायत की है। एक हफ्ते में ये दूसरी बार है, जब एयरलाइन की वेबसाइट शुक्रवार को फिर ठप हो गई।



एयरलाइन ने जारी की एडवाइजरी

वेबसाइट और ऐप में आ रही तकनीकी खामी को लेकर एयरलाइन ने सर्विस एडवाइजरी जारी की है। इंडिगो ने ग्राहकों को बताया है कि उसके मुख्य रिजर्वेशन प्लेटफॉर्म में रुक-रुककर तकनीकी दिक्कतें आ रही हैं। जिसकी वजह से कुछ ग्राहकों को उसकी ऑनलाइन सेवाओं तक पहुंचने में परेशानी हो सकती है।

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन है इंडिगो घरेलू बाजार हिस्सेदारी के लिहाज से इंडिगो भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन है। जुलाई में देश के घरेलू विमानन बाजार में उसकी हिस्सेदारी करीब 67 प्रतिशत है। ऐसे में उसके रिजर्वेशन और बुकिंग सिस्टम में आने वाली तकनीकी खराबी से देशभर में बड़ी संख्या में यात्री प्रभावित हो सकते हैं।

प्रवेश के नियमों में बड़ा बदलाव

अब एक साल वकालत करके भी बन सकेंगे जज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने ज्यूडिशियल सर्विस में प्रवेश की शर्तों में बदलाव किया है। तीन साल की अनिवार्य प्रैक्टिस की शर्त को घटा दिया है। तीन साल की अनिवार्य प्रैक्टिस को अब एक साल कर दिया है। संशोधित व्यवस्था के तहत न्यायिक सेवा में चयनित उम्मीदवारों को नियुक्ति के बाद ज्यूडिशियल अकादमी में प्रशिक्षण लेना होगा। इसके बाद उन्हें एक साल की क्लर्कशिप भी करनी होगी।



यह कहा सुको ने

नए बदलाव के तहत 31 मार्च 2027 तक कानून स्नातक बिना अनिवार्य प्रैक्टिस अवधि पूरी किए न्यायिक सेवा के लिए आवेदन कर सकेंगे। इसके बाद एंट्री-लेवल न्यायिक सेवा में आवेदन करने के लिए कम से कम एक साल की सक्रिय वकालत अनिवार्य होगी। सुप्रीम कोर्ट के संशोधित ढांचे में चयन के बाद संरचित न्यायिक अकादमी प्रशिक्षण और क्लर्कशिप का प्रावधान भी रखा गया है।



मुक्तिधाम जाने वाली जर्जर सड़क पर शव रख ग्रामीणों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा/थान खम्हरिया

मौत के बाद भी यदि किसी व्यक्ति को सम्मानजनक अंतिम विदाई के लिए रास्ता न मिले तो आक्रोश स्वाभाविक है। थान खम्हरिया तहसील के ग्राम बेलतरा में शुक्रवार को ऐसी ही स्थिति निर्मित हो गई।

गांव में एक पुरुष और एक महिला की मौत के बाद जब परिजन शवों को मुक्तिधाम ले जाने निकले तो दलदल में तब्दील जर्जर सड़क ने रास्ता रोक दिया। अर्थी आगे नहीं बढ़ सकी तो आक्रोशित ग्रामीणों ने दोनों शवों को सड़क पर रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने दो टूक कहा सड़क नहीं तो अंतिम संस्कार नहीं। स्थिति की सूचना मिलते ही तहसीलदार आशुतोष गुप्ता और थाना प्रभारी सत्यप्रकाश उपाध्याय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। करीब चार घंटे तक प्रशासन और ग्रामीणों के बीच बातचीत एवं मान-मनौव्वल चलता रहा। सड़क निर्माण के आश्वासन के बाद ग्रामीण शांत हुए और इसके बाद दोनों शवों को मुश्किल रास्ते से मुक्तिधाम ले जाकर अंतिम संस्कार किया गया।



छह माह से सड़क निर्माण की मांग पर नहीं हुई कार्रवाई

चार घंटे बाद टूटा गतिरोध

ग्रामीण लिखित आश्वासन और सड़क निर्माण की मांग पर अड़े रहे। करीब चार घंटे तक चली बातचीत के बाद तहसीलदार के आश्वासन और प्रशासन की अपील पर ग्रामीणों ने प्रदर्शन समाप्त किया। इसके बाद दोनों शवों को उसी तकलीफदेह और कीचड़ भरे रास्ते से मुक्तिधाम ले जाया गया, जहां भारी मन से अंतिम संस्कार किया गया।

दलदल में फंसी अर्थी फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

ग्राम बेलतरा में शुक्रवार सुबह एक पुरुष और एक महिला की मृत्यु हुई थी। परंपरा के अनुसार दोनों के शवों को गांव से करीब एक किलोमीटर दूर खेतों के बीच स्थित मुक्तिधाम ले जाना था। लेकिन मुक्तिधाम तक पहुंचने वाली एकमात्र कच्ची सड़क बारिश के कारण कीचड़ और दलदल में तब्दील हो चुकी थी। जगह-जगह गड्ढों और फिसलन के कारण अर्थी ले जाना बेहद मुश्किल हो गया। इससे परिजनों और ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा।

मौके पर पहुंचे तहसीलदार

ग्रामीणों के प्रदर्शन की सूचना मिलते ही प्रशासन सक्रिय हुआ। तहसीलदार आशुतोष गुप्ता, थाना प्रभारी सत्यप्रकाश उपाध्याय और एएसआई सुरेश चौहान पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे।

माँ महामाया सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित, अम्बिकापुर ग्राम-केरता

ई-निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 794 **द्वितीय ई-निविदा आमंत्रण सूचना** दिनांक 21/08/2026

माँ महामाया सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित अम्बिकापुर ग्राम केरता जिला सूरजपुर (छ.ग.) में पेराई सीजन 2026-27 हेतु उल्लेखित विवरण अनुसार निम्नालिखित 03 द्वितीय ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्रं.	ई-निविदा का विवरण	ई-निविदा प्रपत्र क्रय एवं जमा हेतु अंतिम तिथि एवं समय	ई-निविदा को खोलने की तिथि एवं समय
01	Mechanical, Electrical, Instrument & Other Items Purchase & AMC Servicing Works Second E-Tender (Only Manufacturer & Authorized Dealers)	दिनांक 22/08/2026 को समय शाम 07.00 बजे से 01/09/2026 को समय दोपहर 12.00 बजे तक फार्म भर कर/अपलोड करने पर मान्य होगा।	दिनांक 01/09/2026 को समय अपराह्न 12:05 बजे के बाद
02	General Mechanical, Electrical, Instrument & Other Items Purchase Second E-Tender (Non Authorized)		दिनांक 01/09/2026 को समय अपराह्न 01:00 बजे के बाद
03	General AMC, Servicing & Febrication & Civil Works Second E-Tender (Non Authorized)		दिनांक 01/09/2026 को समय अपराह्न 02.00 बजे के बाद

उपरोक्त 03 द्वितीय ई-निविदाओं से सम्बंधित विस्तृत जानकारी, निविदा शर्तें एवं निविदा प्रपत्र हेतु शासकीय ऑनलाईन वेबसाईट (E-Procurement Portal: http://eproc.cgstate.gov.in) पर देखा एवं डाऊनलोड़ तथा भरकर अपलोड़ किया जा सकता है। एवं कारखाना प्रबंधन द्वारा मात्रा में कमी या वृद्धि किया जा सकता है एवं बिना कारण बताए निविदा निरस्त किया जा सकता है।

प्रबंध संचालक

कार्यालय नगर पंचायत चन्द्रपुर, जिला-सक्ती (छ.ग.)

Email ID - npchandrapur2008@gmail.com,

क्रमांक/2018/न.पं./ लो.नि.वि./2026-27 चन्द्रपुर, दिनांक 21/08/2026

-:: ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम)::-

Main Portal: http//eproc.cgstate.gov.in

नगर पंचायत चन्द्रपुर में छ.ग. Building Sor 01.01.2015, Electrical Sor 01.06.2020, एवं Non Sor आयटम में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी D & Above में पंजीकृत ठेकेदारों से फार्म A में नीचे उल्लेखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र	टेण्डर सिस्टम नम्बर	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि	समयावधि
1	197714	नगर पंचायत चन्द्रपुर क्षेत्रांतर्गत पुष्पवाटिका का सौन्दर्याकरण कार्य।	38.92	14.09.2026	03 months

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल Main Portal: https//eproc.cgstate.gov.in वेबसाईट से डाउनलोड की जा सकती है। 2. विभागीय वेबसाईट https//uad.cg.gov.in में भी देखी जा सकती हैं।

जल ही जीवन है, कृपया पानी व्यर्थ न बहावें। समय पर करों का भुगतान करें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत चन्द्रपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर

नगर पालिक निगम नवीन मुख्यालय भवन, गांधी चौक, रायपुर
फोन.नं.-0771-2535780, 90, फैक्सः 0771-2227395;
ई-मेलः dc_rmc@rediffmail.com

क्रमांक/I/337498/2026/PMAY-HFA रायपुर, दिनांकः 21.08.2026

// प्रेस विज्ञप्ति //

नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के घटक भागीदारी में किफायती आवास (ए.एच.पी.) अंतर्गत निर्मित होने वाले नॉन स्लम परियोजनाओं में विज्ञापन क्रमांक 01/2026 दिनांक 30.06.2026 जारी कर कुल 13 स्थलों के लिए 2616 मकानों के आबंटन हेतु ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया था। ऑनलाईन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 15.07.2026 सायं 5.30 बजे तक कुल 5841 आवेदन प्राप्त हुये है। जारी विज्ञापन अनुसार प्रारंभिक पात्र/अपात्र आवेदनों की सूची का प्रकाशन दिनांक 20.07.2026 तक किया जाना था। विज्ञापित आवासों से अधिक आवेदन प्राप्त होने के कारण नियमानुसार 13 परियोजनाओं में से शेष बचे 03 परियोजनाओं की प्रारंभिक पात्र/अपात्र सूची, नगर पालिक निगम, रायपुर की वेबसाईट लिंक https://nagarnigamprojects.in/PMAY/site/index में तथा नगर पालिक निगम रायपुर मुख्यालय के भूतल पर स्थित सूचना पटल में जनसामान्य के अवलोकन हेतु चस्पा कर प्रकाशित की गयी है। प्रारंभिक सूची का प्रकाशन किये गये 03 परियोजनाओं से संबंधित जानकारी निम्नानुसार हैः-

सं. क्र.	परियोजना का नाम / परियोजना स्थल में आबंटन हेतु उपलब्ध आवास	प्राप्त आवेदन	पात्र	अपात्र	दावा-आपत्ति जमा करने की अंतिम तिथि
1	84 Dus Near Khusi City, Mahaveer Nagar, Puraina	747	335	412	31.08.2026
2	96 Dus Near Shubham K Mart, Devpuri-Dumartarai	881	395	486	02.09.2026
3	432 Dus Near Classic Castle, Kachna	1241	533	708	02.09.2026

उक्त परियोजनाओं के समस्त आवेदनकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि, अपनी पात्रता संबंधी विस्तृत जानकारी, नगर पालिक निगम, रायपुर के उपरोक्त उल्लेखित लिंक में जाकर अपने पंजीकृत मोबाईल नम्बर का उपयोग करते हुये 'आवेदक लॉगिन करें' में, लॉगिन कर प्राप्त कर सकते हैं। इसके साथ ही वेबसाईट उक्त जारी सूची में किसी भी प्रकार के दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने हेतु नगर पालिक निगम, रायपुर मुख्यालय के भूतल में स्थित Reception Counter / पूछताछ केन्द्र में लिखित रूप से अपनी दावा-आपत्ति, निर्धारित तिथि तक (कार्यालयीन दिवस) कार्यालयीन समय प्रातः 10:00 से सायं 05:30 बजे तक उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात किसी भी प्रकार के दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

घरो से निकलने वाले गीला और सुखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

अपर आयुक्त
प्रधानमंत्री आवास योजना
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

कोविड-19 सेवा के अनुभव पर 10 बोनस अंक देने हाईकोर्ट का आदेश

बिलासपुर। हाईकोर्ट ने कोविड-19 महामारी के दौरान स्वास्थ्य सेवाएं देने वाली एक अभ्यर्थी के पक्ष में महत्वपूर्ण आदेश पारित करते हुए उसे अनुभव के आधार पर 10 बोनस अंक देने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि बोनस अंक प्रदान करने के बाद यदि अभ्यर्थी निर्धारित योग्यता एवं मेरिट पूरी करती है, तो उसकी उम्मीदवारी पर चयन प्रक्रिया में विचार किया जाए। कोर्ट ने संबंधित अधिकारियों को उसके मामले पर पुनर्विचार कर बोनस अंक प्रदान करने का निर्देश दिया। साथ ही 22 अगस्त को होने वाली प्रक्रिया में भी भाग लेने की अनुमति भी दी है। याचिकाकर्ता योगेश्वरी वर्मा ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के वर्ष 2026-27 के भर्ती अभियान में नर्सिंग ऑफिसर/स्टाफ नर्स तथा द्वितीय एएनएम/एएनएम पदों के लिए आवेदन किया था। उन्होंने कोविड-19 महामारी के दौरान 22 मार्च 2020 से 10 फरवरी 2022 तक सिविल अस्पताल, खैरागढ़ में दी गई सेवाओं के आधार पर 10 बोनस अंक दिए जाने की मांग की थी।

- अभ्यर्थी को चयन प्रक्रिया में भी शामिल करने के निर्देश

कार्यालय नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)

क्रमांक 316 /न.पा.नि./लोनिवि / 26-27 अम्बिकापुर दिनांक 21/08/2026

-: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना (द्वितीय):-

निकाय क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न निर्माण कार्यों (System Tender No. 197962, 198078, 198080, 198081, 198086, 198087, 198089, 198091, 198093, 198094,) हेतु द्वितीय ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की गई है।

विस्तृत निविदा सूचना छ.ग. शासन के ई- प्रोक्यूरमेंट पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in & https://uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

आयुक्त
नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर

महासमुंद जेल में बंदी की मौत, हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव और डीजीपी से मांगा शपथपत्र

बिलासपुर। महासमुंद जिला जेल में हत्या के आरोप में बंद बंदी नीरज भोई की संदिग्ध मौत के मामले में हाईकोर्ट ने गंभीर रुख अपनाया है। कोर्ट ने प्रदेश के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को व्यक्तिगत शपथपत्र पेश करने के निर्देश दिए हैं। दोनों अधिकारियों को 31 अगस्त तक जवाब दाखिल करना होगा। मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच में हुई।

कोर्ट ने जेल में बंदी की मौत की परिस्थितियों पर सवाल उठाते हुए यह स्पष्ट करने को कहा है कि आखिर किन परिस्थितियों में बंदी की मौत हुई। मामले में सबसे गंभीर तथ्य यह सामने आया है कि पोस्टमार्टम के दौरान मृतक के शरीर पर 35 चोटों के निशान पाए गए। हाईकोर्ट ने विशेष रूप से इन चोटों को लेकर राज्य के शीर्ष अधिकारियों से जवाब मांगा है कि बंदी के शरीर पर इतनी चोटें कैसे आईं। कोर्ट ने हिरासत में हिंसा और मौत की घटनाओं पर चिंता जताते हुए कहा कि जेल या लॉकअप में बंद व्यक्ति पूरी तरह राज्य की सुरक्षा व्यवस्था के अधीन होता है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/30/2026-27

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

क्र० सं०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	लातेहार जिला के प्रखण्ड बरवाडीह के पंचायत मंगरा, ग्राम मंगरा–पिड़हे पथ में कोयल नदी ओछवाही में उच्चस्तरीय पुल निर्माण।	7,58,74,400	15,17,500	10,000	24 माह

2. निविदा प्रकाशन की तिथि – 22.08.2026
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 01.09.2026 से दिनांक 24.09.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –26.09.2026 अपराह्न 1:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
11. बिना कारण बताये किसी एक या सभी कार्य की निविदा को रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।
12. कार्य हेतु आवश्यक लघु खनिजों का क्रय खनन विभाग द्वारा अनुज्ञा प्राप्त पट्टेदारों से ई–परिवहन चालान के माध्यम से करना होगा तथा संबंधित खनन पदाधिकारी द्वारा सत्यापन के उपरान्त ही विपत्रों का भुगतान किया जायेगा। अन्यथा चालान के बिना संवेदको को भुगतान नहीं किया जायेगा।
13. विभाग द्वारा आवंटन प्राप्त नहीं होने की स्थिति में भी संवेदको द्वारा निर्माण कार्य को अवरूद्ध नही किया जायेगा, आवंटन प्राप्त होने पर ही संवेदको को भुगतान किया जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

PR 388074 Rural Development(26-27)#D

epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी

Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

Appointment आवश्यकता

टीचर

आवश्यकता है- शिक्षक/शिक्षिकाओं की आवश्यकता है। विषय लेखा शास्त्र एंव संस्कृत का नया सबेरा उ.मा.गोकुल नगर (राम नगर) रायपुर (36 गढ़) मों. - 9993453324.(आरो-825)

सिक्योरिटीगार्ड

आवश्यकता है- तेलीबांधा वी.आई.पी चौक उरकुरा, टाटीबंध, एम.जी. रोड हेतु सुरक्षा सुपरवाइजर, सुरक्षागार्ड की अतिशीघ्र आवश्यकता है। आयु सीमा- 25- 45 वर्ष, कृपया जरूरतमंद ही संपर्क करें संपर्क नंबर- 9981144486.(आरो-830)

आवश्यकता है- सुरक्षागार्ड गनमैन, फिल्ड ऑफिसर, सिक्युरिटी सुपरवाइजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, घरेलू कामवाली बाई। वेतन 8000-20000 पता- साईं सिक्युरिटी सर्विस साई निवास कॉम्प्लेक्स जेजे हॉस्पिटल बाजू तोरवा बिलासपुर 9893041578, 8085233213, 7223821623, 7440981254.(आरो-41602)

मार्केटिंग

आवश्यकता है- रियल स्टेट हेतु मार्केटिंग कार्य के लिए लड़को(उम्र 18 से 35) की आवश्यकता वेतन योग्यतानुसार + कमीशन, पता - शंकरनगर, चौपाटी रायपुर (मिले - सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक) 9098334681.(आरो-209)

रिसेप्शनिस्ट/मैनेजर

आवश्यकता है- होटल रिसेप्शन के लिए 12 वीं पास लड़की की जरूरत है। रूम सर्विस के लड़के की जरूरत है रहने, खाने की व्यवस्था होटल मैनेजर अनुभवी जानकी विहार भाटागांव संपर्क :- 8719082151.(आरो-827)

ड्रायवर

आवश्यकता है- शंकरनगर ऑफिस में - (1)कार चलाने हेतु अनुभवी , कुशल ड्राईवर (2)ऑफिस बॉय की आवश्यकता है जो ऑफिस की साफ-सफाई व अन्य कार्यों में सहायता करें। बायोडाटा सहित संपर्क करें:- 9993011757 / 8878228031. (आरो-419)

आवश्यकता है- ड्राइवर की आवश्यकता है ओला ऊबर में टैक्सी चलाने हेतु। सैलरी योग्यता अनुसार मोबाइल- 9826750807, 8319744465.(आरो-829)

शीघ्र आवश्यकता है- भिलाई 3 चरोदा के लिये एक ड्राइवर कि आवश्यकत है जो इनोवा कार चला सके कम से कम 3साल का अनुभव हो..वेतन 12000 से 15000 तक इस नंबर पर संपर्क करें - 7987160208.(आरो-4165)

एकाउन्टेंट

आवश्यकता है- एकाउन्टेंट चाहिए न्यूनतम 10 वर्ष का रिटेलइंडस्ट्री में TALLY का अनुभव जगदम्बा फर्नीशिंग जवाहर मार्केट पावर हाऊस भिलाई फोन.- 83198-62525.(आरो न.-4167)

हरिभूमि

हाऊस कीपिंग

आवश्यकता है- हाउस कीपिंग – पुरुष उम्मीदवार (इन-हाउस रहने हेतु), ऑफिस बॉय – केवल रायपुर लोकल उम्मीदवार एवं कंसल्टेंसी वाले संपर्क करें :- मो.6232022676. (आरो-309)

टेलीकॉलर

आवश्यकता है- 20 अनुभवी टारगेट ओरिएंटेड फीमेल टेलीकॉलर की वाहन बीमा हेतु वेतन 10000 + इन्सेंटिव। सुंदर नगर चौक ऑर्बिट टॉवर रायपुर SCI इन्सुरेंस मोबा. नं. 9617788009.(आरो-0163)

कम्प्युटर ऑपरेटर

आवश्यकता है- कंप्यूटर ऑपरेटर -2, जिसे PMJAY (प्रधानमंत्री जन आरोग्य) सॉफ्टवेयर में एंट्री करना आता हो आवश्यकता है रहने की सुविधा संपर्कः बांठिया हॉस्पिटल राजातालाब रोड़ रायपुर 0771-2425009.(आरो-575)

घरेलु कार्य /आया

आवश्यकता है- जनता कॉलोनी, देवेन्द्र नगर रायपुर में घरेलू कार्य हेतु फुल टाइम घर में ही रहकर काम वाली एक महिला तथा बच्चों की देखरेख हेतु एक आया की आवश्यकता है। दोनों की रहने, खाने की उत्तम व्यवस्था। सम्पर्क करें- 9039100784.(आरो-41673)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

मैनेजर

आवश्यकता है- नौकरी की जगह खाली है पदः 10-15 ट्रकों के लिए फ्लीट/ट्रक मैनेजर जगहः तहसील आरंग, ज़िला रायपुर, छत्तीसगढ़ सैलरीः अनुभव के आधार पर 25,000 या उससे ज़्यादा WhatsApp: 9948417000.(आरो-829)

केयर टेकर

आवश्यकता है- आसीरवाद मातृछाया होमकेयर को ऑपरेशनल मैनेजर की आवश्यकता है। बेबीकेयर होमकेयर कृटीकल पेसेंट के लिए लेडिस केयर टेकर की आवश्यकता है। रहने, खाने की सुविधा, शैक्षणिक योग्यता 10 th to 12 th संपर्क 7509191133, 9630757513.(आरो-4797)

टेक्निशियन

आवश्यकता है- बजाज इलेक्ट्रिकल्स के ऑथराइज्ड सर्विस सेंटर रायपुर में कार्य हेतु टेक्निशियन की, जिन्हें पंखा, कूलर, इंडक्शन, प्रेस, गीजर आदि बनाना आता हो, एवं यूरेका फोर्ब्स के आरओ बनने हेतु टेक्नीशियन की सैलरी योग्यतानुसार +मोबाईल रिचार्ज संपर्कः- 7354913595. (आरो-059)

दुकान कार्य

आवश्यकता है- किराने के दुकान में कार्य करने के लिए लड़के- लड़कियों की आवश्यकता है पता- वर्षा प्रोविज़न स्टोर, महावीर स्वीट्स के बाजू में, भाटागांव, रायपुर संपर्कः- 9329880007.(आरो-056)

हरिभूमि

मार्केटिंग

आवश्यकता है- नई व निर्माणाधीन गेटेड सोसाइटीज़/काम्प्लेक्स में डोर टू डोर मार्केटिंग के लिए यंग, स्मार्ट और होशियार लड़कों की आवश्यकता है। संपर्कः 9300593000.(आरो-109)

Property प्रापर्टी

बेचना है- टाटीबंध रायपुर प्राइम लोकेशन में 41,000 वर्गफीट प्रॉपर्टी बिक्री हेतु बाउंड्री वॉल, गेट, दो रोड फ्रंट, वेस्ट फेसिंग, टाटीबंध चौक लोकेशन में इस्कॉन मंदिर के मेनरोड पर GE Road से डायरेक्ट कनेक्टिविटी, शोरूम, वेयरहाउस, ऑफिस, एवं अन्य कमर्शियल उपयोग के लिए उपयुक्त संपर्कः- श्री बालाजी प्रॉपर्टीज़, रायपुर Roshan Agrawal 9340018159.(आरो-058)

प्लाट

प्लॉट बेचना है - आदिवासी डायवर्टेड प्लॉट 40 x 60 दो तरफ रोड अम्बेडकर नगर वार्ड 58 उरला दुर्ग (छ.ग.) संपर्क मों. नं.- 91797-81134.(आरो-327)

बेचना है- टाटीबंध में प्राइम कमर्शियल प्रॉपर्टी बिक्री हेतु 10,000 वर्गफीट का विशाल पूर्वमुखी प्लॉट 210 फीट फ्रंट एवं 48 फीट डेप्थ, बिजनेस के लिए प्राइम लोकेशन में शानदार अवसर यूनियन बैंक के पीछे, शिवनाथ Hyundai के पास, SHOWROOM, OFFICE, WARE-HOUSE, COMMER-CIAL USE हेतु संपर्कः- श्री बालाजी प्रॉपर्टीज़, रायपुर Roshan Agrawal 8878008500.(आरो-057)

डायवर्टेड प्लाट बेचना है- भाटागांव भर्रीखार दो प्लांट 635- 600 वर्ग फुट का रेट 1500 प्रति वर्ग फुट नया रायपुर (जाम गांव) 1000 वर्ग फुट रेट 700 प्रति वर्ग फुट राजिम व आमापारा शिक्षक कॉलोनी 450 वर्ग फुट रेट 1000 प्रति वर्ग फुट संपर्क मोबाइल नंबर 8823780696 पी. एल यदु 9754685471, वी.के यदु 8827275508 पता परशु राम नगर महामाईपारा रायपुर (आरो-828)

हरिभूमि क्लासीफाईड


सब कुछ है यहां
पढ़ते रहिए
हरिभूमि क्लासिफाईड

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक


CLASSIFIED RATE CARD
01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

EDITION	Appointment	Service/Business	Property Rent & Sale	Display
Raipur City	500	620	550	175/- Sq cm
Bhilai + Durg Edition	440	560	520	150/- Sq cm
Bilaspur City	440	500	520	140/- Sq cm
Raipur All Edition	720	820	800	240/- Sq cm
Bilaspur All Edition	610	780	690	195/- Sq cm
All CG	1000	1150	1120	310/- Sq cm
All CG + MP	1280	1750	1600	330/- Sq cm
All Edition	1700	2100	2000	380/- Sq cm

SCHEME
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Price per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100Rs. EXTRA.

COLOUR Extra Charge For Display
GST For All Ad

DISCOUNT SPECIAL

EDITION	RATE	
Raipur City	3000	2+1
Bhilai + Durg Edition	2800	5+3
Raipur Edition	4400	10+10
Bilaspur City	2500	15+18
Bilaspur Edition	3800	
All CG	5500	

MATRIMONIAL CG+MP

(Runing Matter)	(Size 5x1 Box)
500 /- 1 Sunday	800 /- 1 Sunday
900 /- 2 Sunday	1200 /- 2 Sunday
1200/- 3 Sunday	1500/- 3 Sunday

HEALTH CARE

Raipur City	55000	85000	1,10,000
Bilai + Durg Edition	50000	80000	1,00000
Bilaspur City	40000	70000	1,00000
Raipur All Edition	70000	1,20,000	1,60,000
Bilaspur All Edition	55000	1,00000	1,20,000
All CG	1,10,000	1,80,000	2,30,000

10X1 FIX SIZE

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

Healthcare
छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

विद्युत लाइन की चपेट में आए युवक की मौत

बोड़ला। कामाडाबरी से पांडातराई मार्ग पर बीते गुरूवार को एक हृदय विदारक सड़क दुर्घटना जैसी स्थिति में भीषण हादसा हो गया। ग्राम कामाडाबरी निवासी रामकुमार विश्वकर्मा अपनी पत्नी के साथ सड़क किनारे स्थित धंवरा पेड़ की टहनी काटने पहुंचा था। टहनी काटते समय उसका ध्यान पास ही से गुजर रही 11 केवी हाईटेंशन विद्युत लाइन पर नहीं गया। जैसे ही उसने पेड़ की डाली काटी, वह सीधे हाईटेंशन तार से जा टकराई। करंट इतना तेज था कि रामकुमार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई और उसका शव काफी देर तक पेड़ पर ही फंसा रहा। इस खौफनाक मंजर को देखकर आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।

वन्यजीव शिकार, 6 आरोपी पकड़े गए

जगदलपुर। इन्द्रावती टाइगर रिजर्व बीजापुर में वन्यजीव संरक्षण एवं अवैध शिकार के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत वन विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। वन विभाग की टीम द्वारा परिक्षेत्र-पासेवाड़ा के अंतर्गत ग्राम नेतिकाकलेर क्षेत्र में कार्यवाही करते हुए, वन्यजीव शिकार प्रकरण से संबंधित 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। वन विभाग की टीम द्वारा बुधवार को कार्यवाही के दौरान मौके से वन्यप्राणी के मांस (संभावित नीलगाय) सहित शिकार में प्रयुक्त अन्य सामग्री प्राप्त की गई प्रकरण में वन विभाग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।



राजकुमार ने 'बंटवारा 1947' के खस्ता हाल पर तोड़ी चुप्पी

मुंबई। सनी देओल की 'बंटवारा 1947' की हालत बॉक्स ऑफिस पर बेहद बुरी है। करीब 150 करोड़ के बजट में बनी यह फिल्म पहले हफ्ते में महज 33.60 करोड़ का नेट कलेक्शन कर पाई है। फिल्म का यह हाल क्यों हुआ, इसको लेकर तमाम तरह के तर्क दिए जा रहे हैं। एक तर्क यह भी है कि शायद सनी देओल के किरदार को मुसलमान दिखाना, दर्शकों को रास नहीं आया! अब डायरेक्टर राजकुमार संतोषी ने इस पर चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने बताया है कि फिल्म में सनी देओल को एक मुस्लिम किरदार में कास्ट किए जाने की बात पर चर्चा हुई है। यह बात उनके मन में आई थी कि ऐसा किया जाना चाहिए या नहीं। जब राजकुमार संतोषी से पूछा गया कि क्या सनी देओल के मुस्लिम किरदार निभाने से फिल्म को किसी तरह का नुकसान हुआ? उन्होंने माना, 'हमने इस बारे में सोचा था।'

लाइफ Style

तापसी

बदला, संघर्ष और मां का अटूट प्यार

एजेंसी ⏭ मुंबई

तापसी पन्नू की नई एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'गांधारी' की रिलीज डेट तय हो गई, फिल्म ओटीटी पर दस्तक देने के लिए तैयार है। कनिका ढिल्लों द्वारा लिखित और देवाशीष मखीजा निर्देशित इस फिल्म में तापसी अपनी बेटी को बचाने वाली उग्र मां के किरदार में दिखेंगी।'फिर आई हसीन दिलरुबा' की शानदार सफलता के बाद तापसी पन्नू और लेखिका-निर्माता कनिका ढिल्लों की जोड़ी एक बार फिर नेटफ्लिक्स पर वापसी कर रही है।

देवाशीष मखीजा के निर्देशन में बनी यह फिल्म एक मां के अपने बच्चे को बचाने के लिए उठाए जाने वाले चरम कदमों और उसकी अटूट निष्ठा पर आधारित है। जारी किए गए पोस्टर में तापसी पन्नू एक बेहद उग्र और मजबूत महिला के रूप में केंद्र में दिखाई दे रही हैं। डार्क और सस्पेंस भरे बैकग्राउंड के साथ उनके पीछे एक देवी की छाया नजर आती है, जो प्रतिशोध, संघर्ष और रक्षा की एक गहरी कहानी की ओर इशारा करती है। पोस्टर में तापसी के आसपास चार अन्य किरदारों को भी स्थान दिया गया है। पोस्टर साझा करते हुए नेटफ्लिक्स इंडिया ने कैप्शन में लिखा कि सबकी आंखों से बहुत जल्द पट्टी उतरने वाली है और 'गांधारी' 3 सितंबर को प्लेटफॉर्म पर आ रही है। यह एक्शन से भरपूर इमोशनल-थ्रिलर फिल्म 3 सितंबर 2026 से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होने के लिए पूरी तरह तैयार है। फिल्म में तापसी पन्नू मुख्य भूमिका 'बनी' का किरदार निभा रही हैं, जो अपनी लापता बेटी की तलाश में किसी भी हद तक जाने को तैयार है। तापसी के अलावा फिल्म में इशवाक सिंह, छाया कदम, स्वास्तिका मुखर्जी, मीता वशिष्ठ और जतिन सरना जैसे मंजे हुए कलाकार महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं। फिल्म के बारे में बात करते हुए लेखिका और निर्माता कनिका ढिल्लों ने बताया कि 'गांधारी' के जरिए वे एक ऐसी महिला की कहानी बताना चाहती थीं जो विपरीत परिस्थितियों के आगे झुकने से साफ इनकार कर देती है।



25 साल की शर्मिला ने किया था कमाल, 1969 में रिलीज हुईं 5 फिल्में

नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा में शर्मिला टैगोर का नाम उन अभिनेत्रियों में लिया जाता है, जिन्होंने ग्लैमर के साथ दमदार अभिनय से भी अपनी पहचान बनाई। साल 1969 उनके करियर के लिए बेहद खास रहा। इस साल उनकी पांच हिंदी फिल्में रिलीज हुईं। इनमें राजेश खन्ना के साथ आराधना, धर्मेंद्र के साथ सत्यकाम और यकीन, राजेंद्र कुमार के साथ तलाश और सुनील दत्त के साथ प्यासी शाम शामिल थीं। आराधना ने तो उनकी लोकप्रियता को नई ऊंचाई दी।. खास बात यह है कि इसी दौर को लेकर शर्मिला टैगोर ने एक इंटरव्यू में अपनी प्रेग्नेंसी से जुड़ी दिलचस्प बात भी बताई थी। हालांकि, अलग-अलग इंटरव्यू में उन्होंने इस बारे में अलग बयान दिए हैं। शर्मिला टैगोर और राजेश खन्ना की जोड़ी उस दौर की चर्चित जोड़ियों में थी। दोनों ने कई फिल्मों में साथ काम किया। एक हालिया बातचीत में शर्मिला ने बताया था कि 'आराधना' के दौरान वह प्रेग्नेंट थीं। उन्होंने राजेश खन्ना के साथ काम करने के दौरान आने वाली कुछ दिक्कतों का भी जिक्र किया था।

राजेश, राजेंद्र, सुनील संग सिनेमा पर किया राज



राजेश के साथ खूब पसंद की गई जोड़ी

शर्मिला टैगोर का जन्म 8 दिसंबर 1944 को हुआ था। ऐसे में 1969 में उनकी उम्र करीब 24-25 साल थी। इतनी कम उम्र में वह हिंदी सिनेमा की बड़ी अभिनेत्रियों में शामिल हो चुकी थीं। आराधना ने उन्हें स्टारडम की नई ऊंचाई दी। उनकी जोड़ी राजेश खन्ना के साथ खूब पसंद की गई. धर्मेंद्र के साथ भी उन्होंने कई यादगार फिल्में कीं। 1969 का साल इसलिए भी खास है, क्योंकि एक ही साल में शर्मिला टैगोर ने अलग-अलग कलाकारों के साथ पांच फिल्मों में काम किया। रोमांस से लेकर गंभीर कहानी तक, उन्होंने अपनी अदाकारी के कई रंग दिखाए। यही वजह है कि 1969 को शर्मिला टैगोर के करियर के सबसे खास दौर में गिना जाता है।

आराधना बड़ी हिट साबित हुई

साल 1969 शर्मिला टैगोर के लिए काफी व्यस्त रहा। उनकी फिल्म 'आराधना' में उनके साथ राजेश खन्ना थे। फिल्म का निर्देशन शक्ति सामंत ने किया था। आराधना बड़ी हिट साबित हुई। इस फिल्म के लिए शर्मिला टैगोर को फिल्मफेयर बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड भी मिला। फिल्म को उस साल की सबसे बड़ी सफल फिल्मों में गिना गया। इसी साल वह 'सत्यकाम' में धर्मेंद्र के साथ नजर आईं। फिल्म का निर्देशन ऋषिकेश मुखर्जी ने किया था। इसमें अशोक कुमार और संजीव कुमार भी अहम भूमिकाओं में थे। इसके अलावा यकीन में भी उनकी जोड़ी धर्मेंद्र के साथ बनी। फिल्म का निर्देशन बृज सदाना ने किया था। तलाश में शर्मिला के साथ राजेंद्र कुमार थे।



इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न में मलाइका के जलवे

मुंबई। मलाइका अरोड़ा अपने लुक और फिटनेस को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। 52 साल की उम्र में भी वे स्टाइल के मामले में नई एक्ट्रेस को मात देती हैं। उनका ऐसा ही अलहदा अंदाज इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न में भी देखने को मिला। मलाइका अरोड़ा आईएफएफएम 2026 में शिरकत करने पहुंची थीं। उनकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुईं। खुद मलाइका ने इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न से अपनी खूबसूरत झलकियां शेयर की हैं। मलाइका ने पोस्ट के साथ कैप्शन लिखा है, 'एक साल बाद मेलबर्न वापसी। इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न का शुक्रिया हमें दोबारा बुलाने और ऐसा एहसास दिलाने के लिए कि हम कभी गए ही नहीं थे। अच्छी फिल्मों, बेहतरीन लोगों और और भी शानदार यादों के नाम रहा ये खूबसूरत समय'। इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न 2026 का आयोजन 23 अगस्त तक चलेगा। यहां पंकज त्रिपाठी, रेखा, विजय वर्मा और रसिका दुग्गल जैसे कई और सेलेब्स ने भी शिरकत की। कुछ की झलक मलाइका की तस्वीरों में भी देखी जा सकती है। कुछ फोटोज में मलाइका गोल्डन कलर की साड़ी में नजर आ रही हैं। इस दौरान उन्हें देख फैंस क्रेजी हो गए और उनके साथ सेल्फी क्लिक कराईं।

बबीता सिंह रिपोर्टिंग का ट्रेलर रिलीज

नई दिल्ली। भारत के सबसे पसंदीदा मनोरंजन प्लेटफॉर्म में से एक प्राइम वीडियो ने शुक्रवार को अपनी आगामी प्राइम ओरिजिनल फिल्म बबीता सिंह रिपोर्टिंग का ऑफिशियल ट्रेलर रिलीज कर दिया है और वर्ल्डवाइड प्रीमियर की तारीख की घोषणा कर दी है। इस रोमांचक इन्वेस्टिगेटिव ड्रामा का निर्देशन अंबीएका पंडित ने और लेखन अमिता व्यास ने किया है। फिल्म का निर्माण फिल्म स्क्वाड प्रोडक्शंस ने एक्ट थ्री के साथ मिलकर सौरभ मल्होत्रा, मनुज मित्तरा और टीना थरवानी ने किया है। फिल्म के एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर सुदीप शर्मा हैं और फिल्म में निमिषा सयाजन , बरुण सोबती और अंशुमान पुष्कर मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। बबीता सिंह रिपोर्टिंग का प्रीमियर 28 अगस्त को होगा। यह फिल्म भारत समेत दुनिया के 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में हिंदी में (अंग्रेजी सबटाइटल्स के साथ) सिर्फ प्राइम वीडियो पर उपलब्ध होगी। एक छोटे से भारतीय शहर की पृष्ठभूमि पर बनी बबीता सिंह रिपोर्टिंग की कहानी निर्लबित पुलिस अधिकारी बबीता की है, जिन्हें प्यार से बेबी कहा जाता है। वह एक ऐसी पुलिसकर्मी हैं, जिन्होंने अपनी जिंदगी का ज्यादातर हिस्सा दूसरों को खुश रखने और उनकी जरूरतों को खुद से पहले रखने में बिताया है।





श्वेता के लिए दूल्हा ढूंढ रहीं मल्लिका, रणवीर को बताया बुद्ध

नई दिल्ली। श्वेता तिवारी के लिए दूल्हा चाहिए तो मल्लिका शेरावत तैयार हैं। रणवीर बराड़ जरूरत से ज्यादा ज्ञान दें तो उनके लिए 'गौतम बुद्ध' भी तैयार हैं। शालिनी पासी का बोलने का अंदाज पसंद आया तो उसकी नकल भी हो जाएगी। क्रिस्टल डिसूजा रो दें तो उनके आंसुओं की भी पड़ताल होगी। और इन सबके बीच थोड़ा समय बच जाए तो नाश्ते की टेबल पर कैटवॉक करके उसे 'हैप्पीनेस वॉक'भी बना दिया जाएगा। करण जौहर के रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स 2' के आने वाले एपिसोड्स में मल्लिका शेरावत के ऐसे ही कई रंग देखने को मिलेंगे। शो में कई जाने पहचाने चेहरे भरोसे और शक के बीच फंसे हैं। कोई किसी की नीयत पर सवाल उठा रहा है तो कोई खुद को ही सही साबित करने में लगा है। ऐसे माहौल में मल्लिका की नजर सब पर है। श्वेता तिवारी के मामले में तो मल्लिका ने जैसे मैचमेकिंग की जिम्मेदारी ही अपने सिर ले ली है। वह शुरू से ही श्वेता के लिए अच्छे साथी की बात करती रही हैं। अब तो उन्होंने बाकायदा कह दिया कि वह श्वेता को एक अच्छे यूरोपियन पुरुष से मिलवाएंगी। ऐसा पुरुष जो उन्हें प्यार करे, उनकी कद्र करे और उन्हें खुश रखे। रणवीर बराड़ की बारी आई तो मल्लिका को लगा कि रणवीर हर बात को समझाने और ज्ञान देने में ज्यादा ही आगे रहते हैं।

कहानी पर निर्भर करता है फिल्म की सफलता का 70 फीसदी हिस्सा

मुंबई। भले ही 'भूल भुलैया 4' की चर्चा हो रही हो, मगर अनीस बज्मी का कहना है कि इस फ्रेंचाइजी का अगला पार्ट तभी बनेगा जब टीम को ऐसी कहानी मिलेगी, जो पिछली फिल्मों के लेवल की हो। 'भूल भुलैया 2' और '3' का निर्देशन करने वाले बज्मी कहते हैं कि कार्तिक आर्यन के साथ उनकी अच्छी बॉन्डिंग है, लेकिन सिर्फ एक्टर के होने से ही फिल्म को मंजूरी नहीं मिल जाती। एक बातचीत में अनीस बज्मी के हवाले से लिखा कि एक और 'भूल भुलैया' बनाना मुश्किल है। हमने तीसरी फिल्म में अपने लगभग सारे दांव खेल दिए थे। कार्तिक और मेरी समझ बहुत अच्छी है। वह बहुत मेहनती अभिनेता हैं। कहानी मायने रखती है। अगर हमें कोई जबरदस्त कहानी मिलती है, तो हम जरूर फिल्म बनाएंगे। फिल्म की सफलता का 70% हिस्सा कहानी पर निर्भर करता है। अनीस बज्मी विद्या बालन और अक्षय कुमार के साथ अपनी अगली बिना नाम वाली कॉमेडी फिल्म का भी इंतजार कर रहे हैं, जिनके साथ उन्होंने पहले 'वेलकम' फ्रेंचाइजी में काम किया था। वह बताते हैं, 'अक्षय और मैंने 'वेलकम' बनाई थी, जिसे लोग आज भी देखते हैं और पसंद करते हैं। हमारे बीच बहुत प्यार और सम्मान है। हमने साथ में एक और बहुत अच्छी कॉमेडी फिल्म बनाने की कोशिश की है।' जब वह 'वेलकम' का जिक्र करते हैं, तो 'वेलकम टू द जंगल' का टॉपिक भी आता है, जिसे डायरेक्ट करने के लिए उनसे संपर्क किया गया था। हालांकि उन्होंने फिल्म का निर्देशन नहीं किया। उनका कहना है कि उन्हें टीम से कोई शिकायत नहीं है। वह कहते हैं, 'उस फिल्म से जुड़े सभी लोग मेरे दोस्त हैं, अहमद खान, अक्षय कुमार, परेश रावल और कई अन्य। इसलिए इसे देखते हुए मुझे सच में मजा आया। जब भी कोई मजबूत कहानी लेकर आता है, तो दर्शक उस पर प्यार बरसाते रहते हैं।



ऑपरेशन सफेद सागर में राजू को दिया गया सम्मान

नई दिल्ली। ऑपरेशन सफेद सागर सीरीज 1999 के कारगिल युद्ध की कहानी पर आधारित है। सीरीज में एरियल एक्शन दिखाया गया है। हालांकि, सीरीज में एक खास बात यह भी है कि इसके हर एपिसोड के अंत में दिवंगत कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव को श्रद्धांजलि दी गई है। सीरीज के हर एपिसोड के अंत में राजू श्रीवास्तव को धन्यवाद किया गया है। इस सीरीज का राजू श्रीवास्तव के परिवार के लिए विशेष महत्व है। सीरीज के सह-निर्माता कुशल श्रीवास्तव कॉमेडियन के भतीजे हैं। इस प्रोजेक्ट की जानकारी राजू को उनके निधन के पहले से थी। पहले इस सीरीज का निर्माण फिल्म के रूप में किया जाना था, मगर फिर इसे सीरीज के तौर पर रिलीज किया गया। मई 2022 में इसे ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स ने हरी झंडी दिखा दी थी। कुशल श्रीवास्तव ने भारतीय वायु सेना में सात साल तक देश सेवा की है। दिसंबर 1999 में हुए कारगिल युद्ध के बाद वह वायु से सेना में भर्ती हुए। इसके बाद वह फिल्म निर्माण की पढ़ाई के लिए मुंबई चले गए।





एफआईआर



कर्ज, संपत्ति विवाद व शादी न होने की अनबन ने एक बेटे को हैवान बना दिया और उसने रिश्तों का कत्ल करते हुए देर रात जन्म देने वाली मां व बड़े भाई को मौत के घाट उतार दिया। शहर के मध्य हुए दोहरे हत्याकांड की खबर सुबह होते ही पूरे शहर में फैल गई और घटनास्थल के आसपास सैकड़ों लोग एकत्रित हो गए। पुलिस को गुमराह करने के लिए आरोपी ने खुद के हाथ-पैर बांधकर डकैती की झूठी कहानी रची, लेकिन कड़ाई से पूछताछ के बाद पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर इस अंधे कत्ल की गुत्थी को सुलझा लिया और दोहरे हत्याकांड के मामले में छोटे बेटे को गिरफ्तार कर लिया।

रिश्ते का कत्ल

कलयुगी निकला छोटा बेटा, दौलत के लालच में मां और बड़े भाई की बेरहमी से कर दी हत्या

जगदलपुर से राजेश दास

कुछ ही घंटे में पुलिस ने किया झूठी कहानी का पर्दाफाश

घटना 11 जुलाई 2024 के रात 12 बजे से सुबह 7 बजे के बीच हुई। घर में घुसकर मां और बेटे की हत्या करने वाला कोई बाहरी बदमाश नहीं, बल्कि घर का ही छोटा बेटा नितेश गुप्ता निकला। आरोपी ने कर्ज, संपत्ति विवाद और शादी न होने की अनबन के चलते अपनी सगी मां गायत्री गुप्ता और बड़े भाई निलेश कुमार गुप्ता को मौत के घाट उतार दिया था। पुलिस को गुमराह करने के लिए आरोपी ने खुद के हाथ-पैर बांधकर डकैती की झूठी कहानी रची थी, लेकिन कड़ाई से पूछताछ के बाद बस्तर पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर इस अंधे कत्ल की गुत्थी को सुलझा लिया। 11 जुलाई को यह घटना तब सामने आई जब सुबह कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि अनुपमा चौक स्थित निलेश किराना स्टोर के घर के भीतर मां गायत्री गुप्ता और उनके बड़े बेटे निलेश गुप्ता की लहूलुहान लाशें पड़ी हुई हैं। वहीं छोटा बेटा नितेश गुप्ता घर के बाथरूम में बेहोशी की हालत में हाथ-पैर बंधा हुआ मिला। घर का सामान बिखरा हुआ था, जिससे पहली नजर में यह मामला लूटपाट और हत्या का प्रतीत हो रहा था।



आरोपी ने रची थी नकाबपोश लुटेरों की कहानी

दोहरे हत्याकांड को अंजाम देने वाले छोटे बेटे नितेश ने नकाबपोश लुटेरों की कहानी रची थी। शुरूआती पूछताछ में घायल होने का नाटक कर रहे आरोपी छोटे भाई नितेश ने पुलिस को बताया कि रात के समय 4 नकाबपोश लुटेरे छत के रास्ते घर में दाखिल हुए थे। उसने दावा किया कि बदमाशों ने मां और भाई पर हमला कर दिया और विरोध करने पर उसके साथ भी मारपीट की और उसे बंधक बनाकर बाथरूम में डाल दिया।

ऐसे खुला कलयुगी बेटे का राज

एसपी शलभ कुमार सिन्हा के नेतृत्व में जब पुलिस और फॉरेंसिक एक्सपर्ट की टीम ने जांच शुरू की, तो नितेश के बयानों में कई विरोधाभास मिले। घर का दरवाजा अंदर से बंद था और लूट के कोई पुख्ता सबूत नहीं मिले। पूछताछ में वह बार बार अपने बयान को बदल रहा था, यहीं से पुलिस को संदेह हो गया कि वह जरूर कुछ छुपा रहा है। जब पुलिस ने नितेश से कड़ाई से पूछताछ की तो आखिरकार वह टूट गया और उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया।





संपत्ति विवाद व कर्ज बनी हत्या की वजह

पुलिस जांच और आरोपी के कबूलनामे के अनुसार हत्या की कई कारण थे। पूछताछ में आरोपी नितेश ने बताया कि उसने बाजार और सूदखोरों से लाखों रुपये का कर्ज ले रखा था। जिसके कारण वह भारी तनाव में था। इस कर्ज को चुकाने वह लगातार अपने परिवार से पैसों की मांग कर रहा था, जिसे लेकर पिछले 6 महीनों से उसका अपने बड़े भाई नीलेश से विवाद चल रहा था। भाई के प्रेम संबंधों और अपनी शादी न होने को लेकर भी उसके मन में अपने भाई के प्रति गहरी नफरत बैठ चुकी थी।



Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोनः +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

15 साल का सूखा खत्म कर त्रीसा-गायत्री ने किया मेडल पक्का

विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप : 69 मिनट में चीनी जोड़ी को पछाड़ सेमीफाइनल में किया प्रवेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने पहला गेम गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए महिला युगल क्वार्टर फाइनल में चीन की जिया यी फैन और झांग शू जियान को हराकर विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप में पदक पक्का किया। भारत की गैर-वरीयता प्राप्त जोड़ी ने 1 घंटे 9 मिनट तक चले मैच में 16-21 21-15 21-13 से जीत हासिल की। उन्होंने अंतिम चार में पहुंचकर अपने लिए कम से कम कांस्य पदक पक्का कर लिया। भारत ने पिछली बार 2011 में महिला युगल में विश्व चैंपियनशिप में पदक जीता था। तब ज्वाला गुट्टा और अश्विनी पोनप्पा ने लंदन में कांस्य पदक हासिल किया था।



पहले गेम के बाद बदली रणनीति

गायत्री ने कहा, 'हम अपनी पूरी कोशिश कर रहे थे। लेकिन पहले गेम के बाद हमने अपनी रणनीति बदल दी। शुरुआत में यह थोड़ा मुश्किल था। लेकिन हम संयमित रहे और जीत हासिल करने में कामयाब रहे।' त्रीसा ने दबाव वाली स्थितियों से निपटने में मदद के लिए मुख्य कोच पुलेला गोपीचंद की शांत बने रहने की सलाह को श्रेय दिया। उन्होंने कहा, 'वह हमेशा कहते हैं कि बस शांत रहो और वर्तमान पल में रहो। मुझे लगता है कि आज इसने सही में काम किया। मुझे लगता है कि हमें इसी तरह की सलाह मिली थी।'

सात्विक-चिराग को मिली निराशा

सात्विक और चिराग की स्टार पुरुष युगल जोड़ी का विश्व चैंपियनशिप में तीसरा पदक जीतने का सपना क्वार्टर फाइनल में विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग की जोड़ी से सीधे गेम में हार के साथ टूट गया। दुनिया की पांचवें नंबर की भारतीय जोड़ी को चीन के पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेता जोड़ी ने 36 मिनट में 21-18, 21-9 से हराया। सात्विक और चिराग ने 2022 और 2025 विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीते थे। सात्विक और चिराग का इस जोड़ी के खिलाफ पिछला रिकॉर्ड भी अनुकूल नहीं था। भारतीय जोड़ी ने चार मुकाबले जीते थे, जबकि नौ बार हार का सामना करना पड़ा था। भारतीय जोड़ी ने हालांकि पहले गेम में अच्छी शुरुआत की और जोरदार रैलियों के बीच चीनी जोड़ी को कड़ी टक्कर दी। दोनों जोड़ियां 4-4, 8-8 और 10-10 की बराबरी पर रहीं।

लुसाने डायमंड लीग : दूसरे स्थान पर रहे नीरज चोपड़ा



एजेंसी ▶▶| लुसाने

जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने लुसाने डायमंड लीग में शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने इस प्रतियोगिता में श्रीलंका के रुमेश थरंगा पाथिरागे की कड़ी चुनौती का सामना किया और अपने इस सीजन का बेहतरीन थ्रो फेंका।

नीरज चोपड़ा ने 88.05 मीटर के सीजन बेस्ट थ्रो के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। यह प्रदर्शन आगामी एशियन गेम्स से पहले नीरज के लिए काफी हौसला बढ़ाने वाला है। वह पूरे मुकाबले के दौरान शानदार लय में नजर आए और हर चुनौती का बेहतरीन जवाब दिया। रुमेश पथिरागे थरंगा ने अंत में लगातार दो फाउल थ्रो के बावजूद पहला स्थान अपने नाम किया। नीरज ने पांचवां प्रयास नहीं किया और सीधे अपने छठे एवं आखिरी प्रयास के लिए उतरे, लेकिन इसमें वह 82.15 मीटर ही फेंक सके। वहीं एंडरसन पीटर्स 86.69 मीटर के अपने आखिरी थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे, जो उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास भी रहा।

जयसूर्या के 'स्पिन जाल' को तोड़ने की तैयारी, गिल ने नेट्स पर बहाया पसीना

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में बाएं हाथ के स्पिनरों के सामने अपने निराशाजनक प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए इस तरह के गेंदबाजों के सामने कड़ा अभ्यास किया।

गॉल में खेले गए पहले टेस्ट में गिल बाएं हाथ के स्पिनर प्रभात जयसूर्या के हाथों दो बार आउट हुए। इस मैच में उन्होंने 16 और 8 रन बनाए। भारत ने यह मैच 165 रन से जीता। दूसरा टेस्ट 23 अगस्त से शुरू होगा।

गिल सही लाइन का अनुमान नहीं लगा पाने के कारण बाएं हाथ के परंपरागत गेंदबाजों के सामने संघर्ष करते हुए नजर आए थे। पहले टेस्ट मैच में भी जयसूर्या को खेलने में उन्हें परेशानी हो रही थी। टेस्ट क्रिकेट में 42 मैचों में गिल को बाएं हाथ के स्पिनरों ने 11 बार आउट किया है।



गिल ने किया सुधार का सामना

गिल ने सिंहली स्पोर्ट्स क्लब की नेट पर बाएं हाथ के स्पिनरों के खिलाफ जमकर अभ्यास किया। उन्होंने काफी समय तक मानव सुथार, रविंद्र जडेजा और कुछ स्थानीय गेंदबाजों का सामना किया। भारत के स्पिन गेंदबाजी कोच साईराज बहुतुले ने गिल के नेट सत्र के बारे में जानकारी दी और कहा कि वह कोलंबो की परिस्थितियों के अनुकूल ढलने की कोशिश कर रहे थे।

कुलदीप ने नहीं किया अभ्यास

पहले टेस्ट मैच में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाले बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव टीम के साथ अभ्यास के लिए पहुंचे थे लेकिन उन्होंने न तो गेंदबाजी की और न ही बल्लेबाजी। दूसरी तरफ ऑफ स्पिनर सारांश जैन ने ऋषभ पंत और शुभमन गिल को कुछ ओवर फेंके। उन्होंने पंत को दो मौकों पर मुश्किल में भी डाला। लेकिन अभी यह कहना मुश्किल है कि दूसरे टेस्ट मैच में कुलदीप की जगह जैन को मिलेगी।

श्रीलंका टीम में शामिल हुए अरच्चिगे और मिशारा

कोलंबो। श्रीलंका ने भारत के खिलाफ रविवार से शुरू होने वाले दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच के लिए ऑफ-स्पिन ऑलराउंडर साहन अरच्चिगे और बल्लेबाज कामिल मिशारा को टीम में शामिल किया है। अरच्चिगे को रमेश मेंडिस की जगह टीम में लिया गया है। उन्होंने अब तक पांच वनडे और एक टी20 मैच खेला है। अरच्चिगे ने पिछले महीने श्रीलंका ए की कप्तानी करते हुए भारत ए के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था। उन्होंने कुल 209 रन बनाए थे और वह साई सुदर्शन (332 रन) के बाद दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज मिशारा ने टीम में निशान फर्नांडो की जगह ली, जिनका पहले टेस्ट मैच में प्रदर्शन निराशाजनक रहा था। पासिंदु सूरियाबंदारा चोटिल दिनेश चांदीमल की जगह टीम में बने रहेंगे।

सेमीफाइनल में स्वियातेक, चोटिल रायबाकिना बाहर

मेसन। एलेना रायबाकिना के टखने की चोट के कारण पहले सेट से हट जाने से इगा स्वियातेक ने सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के सेमीफाइनल में जगह बनाई। जब दूसरे नंबर की खिलाड़ी रायबाकिना 1-4, 40-40 के स्कोर पर सर्व कर रही थीं, तब उन्होंने अपने बाएं टखने का इलाज कराने के लिए मेडिकल टाइमआउट लिया और कुछ ही क्षण बाद मैच से हट गईं। मौजूदा चैंपियन स्वियातेक ने सिनसिनाटी में अपने पिछले चार मुकाबलों में से प्रत्येक में कम से कम सेमीफाइनल तक का सफर तय किया है। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला अमेरिकी खिलाड़ी जेसिका पेगुला से होगा।

pnb Housing Finance Limited Ghar Ki Baat

पंजीकृत कार्यालय: नौवीं मंजिल, अंतरिक्ष भवन, 22 के.जी. मार्ग, नई दिल्ली - 110001
फोन: 011-23357171, 23357172, 23705414 वेबसाइट: www.pnbhousing.com
रायपुर कार्यालय: तीसरी मंजिल, नीलय आइकॉनिक, 28/620, शंकर नगर, रायपुर 492001, छत्तीसगढ़

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अध्याय III की धारा 13(2) के तहत, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3(1) के साथ पढ़ा जाए (दिनांक दिनांक तक संशोधित) के अनुसार नोटिस

हम, पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (इसके बाद ''पीएनबीएचएफएल'' के रूप में संदर्भित) ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसके बाद ''अधिनियम'' के रूप में संदर्भित) के अध्याय III की धारा 13(2) के तहत अपने रायपुर कार्यालय, तीसरी मंजिल, नीलय आइकॉनिक, 28/620, शंकर नगर, रायपुर 492001, छत्तीसगढ़ के माध्यम से आप सभी को मांग नोटिस जारी किया था। उक्त मांग नोटिस हमारे अधिकृत अधिकारी के माध्यम से नीचे उल्लिखित सभी कार्यवाही को जारी किया गया था। ऋण लेने वाली/सह-ऋण लेने वाली/गारंटरों, आपके खाते को भारतीय रिजर्व बैंक/राष्ट्रीय आवास बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार किस्तों/ब्याज का भुगतान न करने के कारण निष्पादित परिसंपत्ति (एन-परफॉर्मिंग एसेट्स) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। इसमें आपके द्वारा मूलधन, ब्याज आदि की किश्तों के भुगतान में की गई चूक का विवरण है। बकाया राशि नीचे दी गई है। इसके अलावा, कारणों सहित, हमारा मानना है कि आप मांग नोटिस की तामील से बच रहे हैं और इसलिए यह मांग नोटिस प्रकाशित किया जा रहा है, जो उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत भी आवश्यक है। आपको इस मांग नोटिस के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों की अवधि के भीतर पीएनबीएचएफएल को उपरोक्त राशि का भुगतान अद्यतन ब्याज और शुल्कों सहित करने के लिए कहा जाता है, ऐसा न करने पर पीएनबीएचएफएल उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के सभी या किसी भी प्रावधान के तहत सभी या किसी एक या अधिक सुरक्षित परिसंपत्तियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करेगा, जिसमें ऋण लेने वाली और गारंटरों की सुरक्षित परिसंपत्तियों पर कब्जा लेना भी शामिल है। कृपया वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर ध्यान दें, जिसके अंतर्गत आप सार्वजनिक नीलामी, निविदा आमंत्रण, जनता से निविदा या निजी समझौते द्वारा सुरक्षित परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना प्रकाशित होने की तिथि तक ही पीएनबी एचएफएल द्वारा किए गए सभी लागतों, शुल्कों और व्ययों सहित बकाया राशि का पूरा भुगतान कर सकते हैं। कृपया यह भी ध्यान दें कि यदि सार्वजनिक नीलामी, निविदा आमंत्रण, जनता से निविदा या निजी समझौते द्वारा सुरक्षित परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना प्रकाशित होने से पहले पीएनबी एचएफएल द्वारा किए गए सभी लागतों, शुल्कों और व्ययों सहित बकाया राशि का पूरा भुगतान नहीं किया जाता है, तो आप उसके बाद सुरक्षित परिसंपत्ति(यों) को भुनाने के पात्र नहीं होंगे। इसके अतिरिक्त, उक्त अधिनियम की धारा 13(13) के अंतर्गत आपको उपरोक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों की बिक्री, पट्टे या किसी अन्य माध्यम से हस्तांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है।

ऋण खाता संख्या	ऋणधारक व सह-ऋणधारक का नाम और पता	बंधक रखी गई संपत्ति (याँ)	मांग सूचना की तिथि	मांग सूचना की तिथि तक बकाया राशि
HOU/RAI/0920/820895, शा.का. रायपुर	श्रीमान/सुश्री बटकृष्ण जेना (ऋणधारक), श्रीमान/सुश्री खिरोदना जेना (सह-ऋणधारक) **पता 1** - मकान नंबर ए 201, डीलक्रोर्ट एन्क्लेव II, रामकृष्णा अस्पताल के पास, लालपुर, रायपुर, छत्तीसगढ़, भारत, 492001, **पता 2** - अज्ञात, **पता 3** - प्लॉट नंबर ए 202, दूसरी मंजिल, खसरा नंबर 474/1474/2598/3, प.ह.नं. 114, वार्ड नंबर 51, डीलक्रोर्ट एन्क्लेव 2, रवींद्र नाथ टैगोर वार्ड, लालपुर, रायपुर, छत्तीसगढ़, 492015 ।	प्लॉट नंबर A202, दूसरी मंजिल, खसरा नंबर 474/1474/2598/3, प.ह.नं. 114, वार्ड नंबर 51, डीलक्रोर्ट एन्क्लेव 2, रवींद्र नाथ टैगोर वार्ड, लालपुर, रायपुर, छत्तीसगढ़, 492015 । चौहद्दी: पूर्व - A/203, पश्चिम - प्लॉट नंबर A/201, उत्तर-गलियारा, दक्षिण -खुला क्षेत्र। क्षेत्रफल 1030 वर्ग फुट।	11/08/2026	₹31,59,446.77/- (इकतीस लाख उनसठ हजार चार सौ छियालीस रुपये सतहत्तर पैसे)
HOU/RAI/1018/589968, शा.का. रायपुर	श्रीमान/सुश्री गौरीशंकर पटनायक (ऋणधारक), श्रीमान/सुश्री निवेदिता सामंतराय (सह-ऋणधारक) **पता 1**- क्वार्टर नंबर टाइप II/एफ/356, पुराना डायल स्टोरी, किरंदुल, दंतेवाड़ा, छत्तीसगढ़, भारत, 494556, **पता-2** - मकान नंबर ऑइस 356, वार्ड नंबर 13, किरंदुल दक्षिण बस्तर, दंतेवाड़ा, छत्तीसगढ़, भारत, 494556, **पता- 3** एनएमडीसी लिमिटेड, बैलाडीला पैलाडीला लीज ऑपरेशन खान, किरंदुल ऑप्लेयस, किरंदुल, दंतेवाड़ा, छत्तीसगढ़, भारत, 494556, **पता-4** - लीटस सिटी, एल-21, फेस-III, ग्राम परसदा, ख.नंबर-31/2, तह. पाटन, दुर्ग, छत्तीसगढ़-491001, भारत ।	लीटस सिटी, एल-21, फेज III, ग्राम - परसदा, ख.नं. 31/2, तहसील पाटन, दुर्ग, छत्तीसगढ़-491001, भारत- क्षेत्रफल 710 वर्ग फुट। चौहद्दी: पूर्व - प्लॉट नंबर 27, पश्चिम - सड़क, उत्तर - चहारदीवारी, दक्षिण - प्लॉट नंबर -एल 26।	11/08/2026	₹24,30,627.91/- (चौबीस लाख तीस हजार छह सौ सतहत्तर रुपये इक्यानवे पैसे)

स्थान: -रायपुर दिनांक:-22-08-2026 अधिकृत कार्यालय, पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

अंडर-20 कुश्ती विश्व चैंपियनशिप : काजल ने जीता लगातार दूसरा खिताब

ब्रातिस्लावा। काजल धोचक ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अंडर-20 कुश्ती विश्व चैंपियनशिप में लगातार दूसरी बार खिताब जीता, जबकि तनु शर्मा और सविता को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। काजल ने फाइनल में चीन की जिंगरू सन को 7-0 से हराकर 76 किलोग्राम वर्ग का खिताब अपने नाम किया। इस 18 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले साल 72 किलोग्राम वर्ग में अंडर-20 विश्व खिताब जीता था। काजल पहले ही सीनियर स्तर पर पहुंच चुकी हैं। उन्होंने इस साल जून में मंगोलिया में रैंकिंग सीरीज प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता था।



हॉकी विश्व कप : कड़े मुकाबले में नीदरलैंड से हारी महिला टीम

एम्स्टेलवीन। एक बार फिर भारतीय गोलकीपरों सविता और बिछू की अगुवाई में भारतीय डिफेंस ने साहसिक प्रदर्शन किया लेकिन पेरिस ओलंपिक और पिछले तीन बार की विश्व चैंपियन नीदरलैंड की टीम ने एफआईएच विश्व कप के दूसरे दौर के पहले मुकाबले में शुक्रवार को 2-0 से जीत दर्ज की। इंग्लैंड के खिलाफ पिछले मैच में बारह पेनल्टी कॉर्नर बचाने वाले भारतीय गोलकीपरों और डिफेंडरों ने दुनिया की नंबर एक टीम को खचाखच भरे वेगनेर स्टेडियम पर खुलकर खेलने नहीं दिया। पहले दौर में तीन मैचों में पंद्रह गोल करने वाली डच टीम के लिए दूसरे मिनट में यिब्बी यानसेन ने और 38वें मिनट में फ्रेडरिक माल्टा ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागे। नीदरलैंड को आखिरी सेकंडों में भी पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसे सविता ने रोक दिया। भारत को अब रविवार को आस्ट्रेलिया से खेलना है और सेमीफाइनल की उम्मीदें बचाये रखने के लिए उसे हर हालत में यह मैच जीतना होगा।

इंग्लैंड ने पाकिस्तान को पारी और 103 रन से हराया

लीड्स। इंग्लैंड ने पहले टेस्ट में पाकिस्तान को तीन दिन के अंदर ही पारी और 103 रन से हरा दिया, जिससे वापसी करने वाले कप्तान जो रूट के नेतृत्व में यह जीत बैजबॉल के बाद के नए दौर की शानदार शुरुआत रही। तीसरे दिन इंग्लैंड की पहली पारी 409 रन पर समाप्त हुई। इससे उसे पाकिस्तान पर 238 रन की बढ़त मिली। इसके बाद इंग्लैंड ने पाकिस्तान की दूसरी पारी को सिर्फ 135 रन पर समेट दिया। पाकिस्तान की पारी 37.3 ओवर में खत्म हो गई। इस जीत के साथ इंग्लैंड ने तीन मैच की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। दूसरा टेस्ट गुरुवार से लॉर्ड्स में खेला जाएगा। इंग्लैंड के चार तेज गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी की और पाकिस्तान के बल्लेबाजों पर लगातार दबाव बनाए रखा। जोफ्रा आर्चर ने नई गेंद से पाकिस्तान के दोनों सलामी बल्लेबाजों को आउट किया। ओली रॉबिन्सन ने तीन और विकेट लिए। लंच के बाद जोश टंग को गेंदबाजी पर लगाया गया और उन्होंने करीब 143 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट लिए। गुस एटकिंसन ने भी शानदार गेंदबाजी की और पाकिस्तान के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले मोहम्मद रिजवान का विकेट हासिल किया।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

क्षेत्रीय कार्यालय, जीवन प्रकाश, एलआईसी बिल्डिंग, पंडरी रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-4222611,4222612
ई-मेल: Recovery.Raipur@bankofbaroda.bank.in

अचल संपत्ति का कब्जा नोटिस

यतः बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(12) के साथ पढ़े जाने वाली प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम,2002 के नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित बकायेदारो/जमानतदारों को मांग नोटिस निर्गत की गई थी। उक्त मांग नोटिसों में, वर्णित धनराशि को संबंधित बकाएदारों से,उक्त नोटिसों की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर बैंक को अदा करने की मांग की गई थी, जिसे निम्नलिखित नाम वाले बकायेदार/जमानतदार मांग की गई धनराशि को लौटाने में असफल रहे हैं। अतः एतद् द्वारा संबंधित बकायेदारों/ जमानतदारों एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी ने संबंधित कॉलम में दी गई तिथियों को उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के साथ पढ़े जाने वाली प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 तथा धारा 14 के साथ पठित उक्त नियमावली के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोलिखित सम्पत्तियों को उनके सम्मुख अंकित दिनांक को अपने कब्जे में ले लिया हैं जिनका विवरण निम्नानुसार हैं:-

क्र.	शाखा का नाम/ फोन नं.	उधारकर्ता/जमानतदार का नाम एवं पता	प्रतिभूतिकृत संपत्ति का विवरण	मांग नोटिस की तिथि राशि एवं सांकेतिक/भौतिक कब्जा तिथि
01	चौबे कॉलोनी शाखा, रायपुर 9930489460	1. मेसर्स लावण्या एग्रीटेक इंडस्ट्रीज भागीदार : श्री सौरभ शर्मा पिता श्री सुरेश शर्मा, भागीदार: श्री अभिषेक शर्मा पिता श्री रमेश शर्मा बी 15 16 17, पहली मंजिल प्रोग्रेसिव प्वाइंट लालपुर,धरसीवां, न्यू धमतरी रोड रायपुर, छ.ग., 2. श्री सौरभ शर्मा पिता श्री सुरेश शर्मा भागीदार मेसर्स लावण्या एग्रीटेक इंडस्ट्रीज, इतवारी बाजार, नया गंज, वार्ड नं. - 20, रायगढ़, छ.ग.- 496001, 3. श्री अभिषेक शर्मा पिता श्री रमेश कुमार शर्मा मेसर्स लावण्या एग्रीटेक इंडस्ट्रीज के भागीदार, डी - 602 , 6वीं मंजिल , पाम रेजीडेंसी, कटोरा तालाब रायपुर, जिला - रायपुर, छ.ग.- 492001	संपत्ति का वह सभी हिस्सा और अभिन्न अंग जिसमें शामिल आवासीय मकान/ प्लाट नं. - 05, खसरा नं. - 316/1, म्यूटेशन के बाद खसरा नं. - 316/11, क्षेत्रफल - 2136 वर्गफीट स्थित अरविंद दीक्षित, वार्ड नं.47, ग्राम-टिकरापारा, प.ह. नं. - 114/70, रायपुर, आरआईसी रायपुर , तहसील और ज़िला रायपुर (छ.ग.) हैं जो श्री अभिषेक शर्मा के नाम पर हैं. संपत्ति की सीमाएं: उत्तर- सड़क, दक्षिण- सड़क, पूर्व- प्लाट नं. 04, पश्चिम- सड़क.	02.06.2026 रु. 94,46,371.00 + ब्याज + अन्य प्रभार 19.08.2026 सांकेतिक कब्जा
02	पंडरी शाखा रायपुर 8669176050	मेसर्स नाथ इंटरप्राइजेस (प्रोप. श्री शेषनाथ सिंह) पता- एलआईसी 1093, रिंग रोड नं. 2, टाटीबंध रायपुर, छ.ग. पिन कोड- 492001, एक और पता खसरा नं. 19/1 (भाग), प.ह.नं. 107, शहीद मनमोहन सिंह बख्शी वार्ड नं.12, आरएनएम रायपुर, कोटा, तहसील और जिला - रायपुर - 492001 और अतिरिक्त पता: मकान नं. - 1/499, कोटा रायपुर - 492001, जमानतदार श्री अमोद सिंह, जमानतदार-मेसर्स नाथ इंटरप्राइजेस,एलआईसी 1091, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, रिंग रोड नं.- 2, रायपुर - 492001 और जमानतदार श्री प्रमोद सिंह, जमानतदार - मेसर्स नाथ इंटरप्राइजेस, मकान नं. - 1/499, रामनगर रोड, कोटा, रायपुर- 492001. मेसर्स नाथ इंटरप्राइजेस (प्रोप. श्री शेषनाथ सिंह)	1. प्लाट नं. एलआईजी-11/1092, खसरा नं. -171/1, 171/2, 171/10, 171/16,181, 183/1, 183/5-6, स्लाइस 1, प.ह.नं.- 103, गृह निर्माण मंडल कॉलोनी, टाटीबंध में, शहीद भगत सिंह वार्ड नं. - 1, तहसील और जिला - रायपुर (छत्तीसगढ़) क्षेत्रफल - 645.6 वर्गफीट हैं जो श्री शेषनाथ सिंह पिता श्री रामलोचन सिंह के नाम पर हैं. सीमाएं: बिक्री विलेख/सुधार विलेख के अनुसार: उत्तर- एलआईजी-11/1091, दक्षिण- एलआईजी-11/1093, पूर्व- रोड, पश्चिम - एमआईजी प्लाट, सर्च रिपोर्ट के अनुसार : उत्तर - एलआईजी - 11/1091, दक्षिण - एलआईजी - 11/1093, पूर्व- रोड, पश्चिम - एमआईजी प्लाट, वैल्यूएशन रिपोर्ट के अनुसार: उत्तर- एलआईजी - 11/1091, दक्षिण- एलआईजी - 11/1093, पूर्व- रोड, पश्चिम - एमआईजी प्लाट. 2. कोटा, तहसील और ज़िला रायपुर (छ.ग.) में स्थित मकान, जिसका विवरण इस प्रकार है: खसरा नं. 19/1 (भाग), ब्लॉक/शीट नं. 12, प्लाट नं. 4/9/2, प.ह.नं. - 107, कुल क्षेत्रफल- 2000 वर्गफीट है जो श्री शेषनाथ सिंह पिता श्री रामलोचन सिंह के नाम पर हैं. सीमाएं: बंटवारे के विलेख/बिक्री विलेख के अनुसार: उत्तर - यादव जी का मकान, दक्षिण-रोड, पूर्व-रोड, पश्चिम- रंडालेजी का मकान, वैल्यूएशन रिपोर्ट के अनुसार: उत्तर- यादव जी का मकान, दक्षिण- रोड, पूर्व- रोड, पश्चिम- रंडालेजी का मकान. 3. प्लाट नं. एलआईजी-11/1093, स्लाइस 1, खसरा नं.238/1, 482/1, 579/2, 482/4,475, 481,482/7 (का भाग), प.ह.नं.-103, गृह निर्माण मंडल कॉलोनी, टाटीबंध, शहीद भगत सिंह वार्ड नं. 1, तहसील और जिला रायपुर (छ.ग.) कुल क्षेत्रफल - 634.84 वर्गफीट हैं जो श्री प्रमोद कुमार सिंह पिता श्री शेषनाथ सिंह के नाम पर हैं. सीमाएं: बंटवारे के विलेख/बिक्री विलेख के अनुसार: उत्तर- एलआईजी-11/1092, दक्षिण- एलआईजी-11/1094, पूर्व- रोड, पश्चिम- एलआईजी प्लाट, सर्च रिपोर्ट के अनुसार: उत्तर- एलआईजी-11/1092, दक्षिण- एलआईजी-11/1094, पूर्व- रोड, पश्चिम- एलआईजी प्लाट, वैल्यूएशन रिपोर्ट के अनुसार: उत्तर- एलआईजी-11/1092, दक्षिण- एलआईजी-11/1094, पूर्व- रोड, पश्चिम- एलआईजी प्लाट. 4. प्लाट नं. एलआईजी- 11/1091, खसरा नं.-171/1, 171/2, 171/10,171/16, 181, 183/1, 183/1, 183/5-6, प.ह.नं.- 103, गृह निर्माण मंडल कॉलोनी, टाटीबंध, शहीद भगत सिंह, वार्ड नं. 1, जिला- रायपुर (छ.ग.) क्षेत्रफल - 645.60 वर्गफीट हैं जो श्री आमोद कुमार सिंह पिता श्री शेषनाथ सिंह के नाम पर हैं. सीमाएं: बंटवारे के विलेख/बिक्री विलेख के अनुसार: उत्तर- एलआईजी-11/1090, दक्षिण- एलआईजी-11/1092, पूर्व- रोड, पश्चिम- एलआईजी प्लाट, सर्च रिपोर्ट के अनुसार: उत्तर- एलआईजी-11/1090, दक्षिण- एलआईजी-11/1092, पूर्व- रोड, पश्चिम-एलआईजी प्लाट, वैल्यूएशन रिपोर्ट के अनुसार: उत्तर- एलआईजी-11/1090, दक्षिण- एलआईजी-11/1092, पूर्व- रोड, पश्चिम- एलआईजी प्लाट.	08.05.2026 रु. 78,99,554.67 + ब्याज + अन्य प्रभार 18.08.2026 सांकेतिक कब्जा

अग्रेतर एतद् द्वारा आम जनता विशेषकर उधारकर्ता एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संपत्तियों का लेनदेन न करें, उक्त संपत्ति का लेनदेन बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्रभार के अधीन होगा। हम ऋणकर्ता का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन (redeem) के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा 8 की ओर आकर्षित करते हैं.

दिनांक:22.08.2026, स्थानः रायपुर, छत्तीसगढ़ प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ़ बड़ौदा

pnb पंजाब नैशनल बैंक
सीओ-एसएएम, रायपुर (छ.ग.)

ई-नीलामी तिथि - 24/09/2026
समय: सुबह 11.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक

सरफेसी अधिनियम 2002 (2002 का अधिनियम 54) के अन्तर्गत बैंक में बंधक रखी गई अचल संपत्ति की बिक्री

APPENDIX-IV-A [See proviso to rule 8(6)]

वित्तीय अस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पूर्ननिर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अचल संपत्तियों की ई-निलामी सूचना सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के तहत जारी की जा रही है। इस सूचना के द्वारा उधारकर्ताओं, जमानतदाताओं तथा आम जनता को सूचित किया जाता है। कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियाँ सुरक्षित लेनदार के पास बंधक है एवं इन संपत्तियों को बैंक के प्रधिकृत अधिकारी द्वारा रचनात्मक/भौतिक /सांकेतिक द्वारा अधिकार में ले लिया गया है। इन संपत्तियो की विक्रय ''जहाँ है जैसा है'' जो भी है जैसा भी है'' नीचे दिये कॉलामो में वर्णित तिथि में बैंक/सुरक्षित लेनदार के देय राशि उधारकर्ताओं तथा जमानतदारो से वसुली के लिए किया जा रहे है। आरक्षित मूल्य तथा ब्याना राशि नीचे तालिका में संपत्तियों के समस्त दर्शाई गई है।

सुरक्षित संपत्तियों की अनुसुची

क्र.	खाताधारक का नाम / उधारकर्ता / जमानतदार का नाम व पता / शाखा का नाम	बंधक वल/अचल संपत्तियों का विवरण / मालिक का नाम	1) 13(2) के तहत डिमांड नोटिस की तिथि 2) बकाया राशि 3) कब्जा तिथि सरफेसी एक्ट 2002 के नियम 13(4) के तहत 4) कब्जा की प्रकृति	आरक्षित मूल्य (लाख में) ईएमडी (लाख में) बोली वृद्धि राशि-10000/- प्रत्येक संपत्ति के लिये
1	**उधारकर्ता: श्री एडविन फर्नांडीज, सह-उधारकर्ता: श्री लुईस फर्नांडीज,** पता - रायपुर कॉन्वेंट स्कूल के पास, शिवानंद नगर, सेक्टर 1, खमतराई, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001, **शाखा - सुंदर नगर, रायपुर (164010), संपर्क: श्री अजय कुमार पटेल, 9425017828**	**आवासीय मकान -** खसरा नं 597/2, 598/2 (भाग), पीसी नं 108/38, विनायक गार्डन, ब्लॉक 65, मौजा - शिवानंद नगर, सेक्टर 3, यतियातन वार्ड नं 4, **गोंदवारा,** रायपुर, छत्तीसगढ़ में **क्षेत्रफल- 800 वर्गफुट** पर स्थित संपत्ति, मालिकाना हक- श्री एडविन फर्नांडीज पिता श्री लुइस फर्नांडीज। सीमाएं:- उत्तर: विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण: विक्रेता की शेष भूमि, पूर्व: सड़क, पश्चिम: विक्रेता की शेष भूमि. भौगोलिक निर्देशांक - 21.274860,81.625635	1) **07/08/2021** 2) **रू 15,13,400.40** + दिनांक 07-08-2021 से ब्याज प्रभावी 3) **10-01-22** को सांकेतिक कब्जा	रू **15.81** लाख / रू **1.59** लाख
2	**उधारकर्ताओं: श्रीमती पुष्पा राठौड़** पति श्री ललित राठौड़ एवं **श्री राहुल राठौड़** पिता श्री ललित राठौड़, दोनों का पता - पीएवी प्रोविजन स्टोर्स के पास, शिवानंद नगर, सेक्टर -1, नीम बद्री, रायपुर कॉन्वेंट स्कूल के पास, खमतराई, रायपुर (छ.ग), 492001, **शाखा - सुन्दर नगर,रायपुर (164010). संपर्क: श्री अजय कुमार पटेल, 9425017828**	**आवासीय संपत्ति -** खसरा नं 435/15 (भाग), मौज़ा- खमतराई, प.ह नं 108/38, वार्ड नं 07, वीर शिवाजी वार्ड, सेक्टर-1, **शिवानंद नगर,** आर.आई.सी.- रायपुर (छ.ग.) में **क्षेत्रफल- 1000 वर्ग फुट** पर स्थित अचल संपत्ति, मालिकाना हक - श्रीमती पुष्पा राठौर पति श्री ललित राठौर।



मोरक्को के पथरीले रेगिस्तान और हाई एटलस पर्वतों की तलहटी में बसा अत-बेन-हादू शहर दुनिया के सबसे अनोखे और खूबसूरत मानव निर्मित अजूबों में से एक माना जाता है।

रेगिस्तान के बीच मिट्टी से बना सदियों पुराना रहस्यमयी किला

सुपरहिट हॉलीवुड फिल्मों और वेब सीरीज की शूटिंग के लिए बैकड्रॉप के रूप में किया जा चुका इस्तेमाल

रबात। मिट्टी से बनी ऊंची-ऊंची इमारतें और चारों तरफ खड़ी सुरक्षात्मक दीवारें इस जगह को किसी जादुई दुनिया जैसा रूप देती हैं। वास्तुकला की भाषा में इस तरह के किलाबंद शहर को कसार कहा जाता है। मिट्टी और लकड़ी से बने इन शानदार किलों को दक्षिणी मोरक्को की प्राचीन स्थापत्य कला का सबसे बेजोड़ और सबसे सुरक्षित नमूना माना जाता है, जिसे देखकर दुनिया भर के पर्यटक दंग रह जाते हैं। रेगिस्तान के बीच बसे इस नाटकीय और रहस्यमयी शहर ने हॉलीवुड का ध्यान भी अपनी ओर गहराई से खींचा है।

यूनेस्को की धरोहर में शामिल

साल 1987 में यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल घोषित किए गए इस शहर का इस्तेमाल दो दर्जन से अधिक सुपरहिट हॉलीवुड फिल्मों और वेब सीरीज की शूटिंग के लिए बैकड्रॉप के रूप में किया जा चुका है। लॉरेंस ऑफ अरेबिया, द ममी, ग्लेडिएटर, अलेक्जेंडर और दुनिया भर में लोकप्रिय हुई टीवी सीरीज गेम ऑफ थ्रोन्स जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स की शूटिंग इसी ऐतिहासिक मिट्टी के शहर में हुई है। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार, इस शहर की स्थापना 757 ईस्वी में बेन-हादू नाम के व्यक्ति ने की थी, जिनकी कब्र आज भी इसी शहर के पीछे कहीं दफन मानी जाती है।



रखरखाव के अभाव में ढहने की कगार पर

हालांकि, यहां मौजूद इमारतों का निर्माण 17वीं शताब्दी से पुराना नहीं है, लेकिन इनकी निर्माण शैली और तकनीक सदियों पुरानी है। यह शहर ऐतिहासिक रूप से सहारा रेगिस्तान को मराकेश शहर से जोड़ने वाले बेहद महत्वपूर्ण व्यापारिक मार्ग पर स्थित था। हालांकि, आज भी सामने से यह शहर बेहद सुंदर और मजबूत स्थिति में दिखाई देता है, लेकिन इसके पिछले हिस्से में बनी कई पुरानी इमारतें और मिट्टी के महल रखरखाव के अभाव में ढहने की कगार पर हैं और उन्हें तुरंत मरम्मत की सख्त जरूरत है।

आज भी कुछ परिवार रहते हैं प्राचीन कसार में

16वीं शताब्दी में इस व्यापारिक मार्ग का महत्व कम होने के साथ ही शहर की रौनक भी घटने लगी। आज ज्यादातर मूल निवासी नदी के दूसरी तरफ बने आधुनिक गांव में बस चुके हैं, लेकिन कुछ परिवार आज भी इस प्राचीन कसार के अंदर पारंपरिक जीवन जी रहे हैं। साल 1962 में जब मशहूर फिल्म लॉरेंस ऑफ अरेबिया की शूटिंग यहां चल रही थी, तब निर्देशक डेविड लीन ने इस कसार के कई ढहते हुए मिट्टी के घरों की मरम्मत करवाई थी। इसके बाद यूनेस्को से पहचान मिलने पर सरकारी स्तर पर इसके संरक्षण का काम शुरू हुआ।

रोचक खबरें

ये है दुनिया की सबसे मशहूर चुड़ैल! जमा कर रखे हैं 150 शैतानी गुड्डे

कुआलालंपुर। भूत-प्रेत, आत्माएं और अलौकिक शक्तियां -इन विषयों पर ज्यादातर लोग बात करना भी पसंद नहीं करते। डर या अंधविश्वास की वजह से लोग इनसे दूर ही रहते हैं। लेकिन, मलेशिया की एक महिला ने बिल्कुल उलटा रास्ता चुना है। एज़ैंड्रा चाई नाम की इस महिला को सोशल मीडिया पर दुनिया की मशहूर चुड़ैलों में गिना जाता है। उसने अपने घर पर 150 से ज्यादा शैतानी या हॉन्टेड गुड्डियों का कलेक्शन जमा कर रखा है। उसका दावा है कि हर खिलौने में एक आत्मा कैद है। एज़ैंड्रा चाई अपने इस अनोखे शौक को खुलेआम शेयर करती हैं। सोशल मीडिया अकाउंट्स पर वह गुड्डियों की तस्वीरें और वीडियो पोस्ट करती रहती हैं। कई गुड्डियां पुरानी, कुछ विक्टोरियन स्टाइल की, कुछ आधुनिक और कुछ बेहद डरावने चेहरे वाली हैं। वह कहती हैं कि ये सिर्फ खिलौने नहीं, बल्कि आत्माओं के घर हैं। कुछ आत्माएं शांत बताई जाती हैं, कुछ सक्रिय और कुछ काफी शक्तिशाली। महिला का कहना है कि वह इन गुड्डियों को दुनिया भर से इकट्ठा करती हैं। कुछ खरीदती हैं, कुछ उपहार में मिलती हैं और कुछ को वह खुद 'बाइंड' या बांधती हैं। हॉन्टेड डॉल्स का बाजार इंटरनेट पर काफी सक्रिय है। ईट्सी जैसे प्लेटफॉर्म पर कई सेलर्स ऐसी गुड्डियां बेचते हैं, जिनके साथ आत्मा या स्पिरिट अटैच होने का दावा किया जाता है। एज़ैंड्रा का कलेक्शन इनमें सबसे बड़े कलेक्शनों में गिना जाता है। लोग आमतौर पर भूत-प्रेत की कहानियों से डरते हैं। घर में अजीब आवाजें, साया या खिलौनों के अपने-आप हिलने की घटनाएं सुनकर कई परिवार परेशान हो जाते हैं।



58 लाख का पैकेज, अपना घर और कार, फिर भी नहीं मिला कोई दूल्हा

बीजिंग। आज के समय में भले ही महिलाएं अपने दम पर हर मुकाम हासिल कर रही हैं, लेकिन शादी के मार्केट में आज भी पुरानी सोच का दबदबा कायम है। चीन के एक फेमस ब्राइड मार्केट से सामने आए इस वीडियो ने इसी कड़वी सच्चाई को दिखाया है। यहां एक 38 साल की महिला अपने लिए लाइफ पार्टनर ढूंढने आई थी, लेकिन स्ट्रांगली फाइनेंशियली इंडिपेंडेंट होने के बाद भी उसका दिल टूट ही गया। वायरल वीडियो में दिखाया गया है कि, महिला काफी एजुकेटेड है और एक बड़ी कंपनी में काम करती है। उसके पास अपना घर, शानदार कार और करीब 58 लाख रुपए का सालाना पैकेज है, लेकिन जब वो अपनी डिटेल्स लेकर मंडी में पहुंची, तो वहां मौजूद लड़कों और उनके फैमिली मेंबर्स ने उसकी एज सुनते ही शादी से मना कर दिया। इस सोशल शेमिंग और रिजेक्शन से दुखी होकर वो सबके सामने ही फफक-फफक कर रो पड़ी। चीन का ब्राइड मार्केट पब्लिक पार्कों में लगने वाला एक ट्रेडिशनल मार्केट है, जहां पैरेंट्स अपने बैचलर बच्चों (खासकर 25 से 30 साल से अधिक उम्र के) के लिए लाइफ पार्टनर की तलाश करते हैं। सबसे फेमस ब्राइड मार्केट शंघाई के पीपुल्स पार्क में हर वीकेंड को ये लगता है। यहां काम करने का तरीका बेहद यूनिक है। पैरेंट्स एक छाते पर अपने बेटे या बेटी का पूरा बायोडाटा (जैसे एज, हाइट, एजुकेशन, जॉब, सैलरी, घर और कार की डिटेल) कागज पर लिखकर टांग देते हैं। इसके बाद वो पार्क में घूम-घूमकर दूसरे बायोडाटा पढ़ते हैं।



कैंसर का इलाज

स्वस्थ अंगों को नहीं पहुंचेगी एक भी खरोंच

ट्यूमर को लाइव देखकर खत्म करेगी ये मशीन, बड़ी सफलता !

बेंगलुरु। कैंसर का नाम सुनते ही सबसे पहला डर रेडिएशन थेरेपी के साइड इफेक्ट्स का आता है। रेडिएशन में सबसे बड़ी चुनौती यह होती थी कि ट्यूमर शरीर के अंदर स्थिर नहीं रहता।

सांस लेने, ब्लेडर में पेशाब भरना या डायजेशन प्रोसेस के कारण ट्यूमर और उसके आसपास के अंग अपनी जगह बदलते रहते हैं। इस वजह से कई बार स्वस्थ टिशूज पर भी रेडिएशन का असर पड़ता था। लेकिन, अब इस गंभीर समस्या का एक बेहद आधुनिक और सटीक सॉल्यूशन भारत आ चुका है।

बेंगलुरु के हेल्थकेयर ग्लोबल एंटरप्राइज कैंसर सेंटर ने कर्नाटक की पहली इलेक्ट्रा यूनिटी एमआर-लिनैक मशीन से मरीजों का इलाज शुरू कर दिया है। यह टेक्नोलॉजी एमआरआई की साफ तस्वीरों और रेडिएशन डिलीवरी को एक साथ मिलाकर काम करती है।



एमआर-लिकैन आखिर क्या है?

सरल शब्दों में समझें तो कैंसर के इलाज में रेडिएशन थेरेपी का इस्तेमाल कैंसर कोशिकाओं को नष्ट करने के लिए उच्च ऊर्जा वाली किरणों से किया जाता है। लेकिन, समस्या यह है कि ट्यूमर शरीर के अंदर एक जगह टिका हुआ पत्थर नहीं है। जब मरीज सांस लेता है, तो फेफड़े या पेट के ट्यूमर हिलते हैं। जब मूत्राशय भरता है या मलाशय की स्थिति बदलती है, तो आसपास के अंग खिसक जाते हैं। एमआर लिनेक दो मुख्य तकनीकों से मिलकर बना है। इसमें एक शक्तिशाली 1.5-टेसला एमआरआई स्कैनर और एक लीनियर एक्सीलेटर को एक ही मशीन में जोड़ा गया है।

यह रेडिएशन से कितनी अलग

पहले जब मरीजों का रेडिएशन ट्रीटमेंट होता था, तो इलाज शुरू होने से कई दिन पहले मरीज का सीटी स्कैन या एमआरआई किया जाता था। उसी पुरानी तस्वीर के आधार पर कई हफ्तों का रेडिएशन प्लान तैयार होता था। डॉक्टरों को ट्यूमर के हिलने-डुलने की आशंका को देखते हुए एक बड़ा सेफ्टी मार्जिन रखना पड़ता था। इस वजह से ट्यूमर के आसपास के स्वस्थ अंगों को भी रेडिएशन झेलना पड़ता था। इलेक्ट्रा यूनिटी एमआर-लिनैक ने इस पुरानी व्यवस्था को पूरी तरह बदल दिया है।

अडैप्टिव ट्रीटमेंट का सही मतलब क्या है

इस तकनीक का सबसे महत्वपूर्ण और क्रांतिकारी शब्द है अडैप्टिव। अडैप्टिव का मतलब है परिस्थिति के अनुसार तुरंत बदलाव कर लेना। मान लीजिए कि मरीज के रेडिएशन का पहला सेशन सोमवार को हुआ और दूसरा सेशन मंगलवार को। मंगलवार को मरीज के पेट या मूत्राशय की स्थिति सोमवार जैसी नहीं होगी। ऐसे में एमआर लिनेक मशीन मंगलवार की स्थिति के हिसाब से रेडिएशन की बीम के आकार, दिशा और तीव्रता को तुरंत बदल देती है।

रेडिएशन थेरेपी में सटीकता क्यों है सबसे जरूरी

कैंसर के इलाज में डॉक्टरों का मुख्य लक्ष्य होता है कि ट्यूमर को अधिकतम रेडिएशन मिले जिससे कैंसर कोशिकाएं पूरी तरह खत्म हो जाएं, लेकिन साथ ही आसपास के स्वस्थ ऊतकों को कम से कम रेडिएशन पहुंचे। अगर, रेडिएशन स्वस्थ अंगों पर पड़ता है, तो मरीज को कई तरह की गंभीर परेशानियां और साइड इफेक्ट्स होने लगते हैं। एमआरआई में सॉफ्ट टिश्यू (नरम ऊतकों) की बहुत स्पष्ट और साफ तस्वीरें दिखती हैं।

नशे के खिलाफ मुहिम, एक पहिए की साइकिल से 11000 किमी का सफर



तिरुवनंतपुरम। केरल के एक साइकिलिस्ट ने नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए ऐसा तरीका चुना है, जिसे देखकर लोग हैरान भी हैं और कई तरह के सवाल भी पूछ रहे हैं। पेशेवर बाइक स्टंट परफॉर्मर सनीद बिना फ्रंट व्हील वाली साइकिल पर हजारों किलोमीटर का सफर कर रहे हैं। उनका मकसद नेपाल पहुंचकर माउंट एवरेस्ट बेस कैंप तक जाना और लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश देना है। सनीद अपनी इस यात्रा में अब तक 7,000 किलोमीटर से ज्यादा दूरी तय कर चुके हैं। उनका कहना है कि इससे पहले भी वह बिना फ्रंट व्हील के केरल से कश्मीर तक साइकिल चला चुके हैं। अब उनका अगला लक्ष्य केरल से एवरेस्ट बेस कैंप तक पहुंचना है।

रोजाना 50 से 60 किलोमीटर सफर

आमतौर पर सनीद रोजाना करीब 50 से 60 किलोमीटर तक सफर करते हैं। हालांकि, एक दिन में वह अधिकतम 150 किलोमीटर तक साइकिल चला चुके हैं। उनके सफर की रफ्तार सिर्फ उनकी ताकत पर निर्भर नहीं करती, बल्कि सड़क की हालत और मौसम भी इसमें बड़ी भूमिका निभाते हैं। सनीद के मुताबिक, तेज हवा में बिना फ्रंट व्हील वाली साइकिल को संभालना काफी मुश्किल हो जाता है। हवा का दबाव बढ़ने पर बैलेंस बिगड़ने का खतरा रहता है। लेकिन, लंबे समय से स्टंट करने का अनुभव उन्हें इस चुनौती से निपटने में मदद करता है।

चमत्कार.. फ्लाइट में महिला को हार्ट अटैक आया, उसमें थे 15 डॉक्टर

न्यूयार्क। जाको राखे साइयां मार सके न कोय... कई बार जिंदगी में ऐसे वाकये होते हैं, जो हमें ईश्वर के चमत्कार से कम नहीं लगते। ऐसा ही कुछ 70 साल की एक महिला के साथ हुआ, जो अपनी बेटी की शादी के लिए विमान में यात्रा कर रही थी। लेकिन, फ्लाइट में उसको हार्ट अटैक आ गया। उन्हें सीने में तेज दर्द हुआ और वो गश खाकर नीचे गिर पड़ीं। विमान में महिला को दिल का दौरा पड़ने पर फ्लाइट अटेंडेंट तुरंत ही महिला की मदद को पहुंचीं। उन्होंने एनाउंस कर पूछा कि क्या फ्लाइट में कोई हृदय रोग विशेषज्ञ यानी कार्डियोलॉजिस्ट है तो नहीं?



एक फ्लाइट में 15 कार्डियोलॉजिस्ट

यह सवाल होते ही फ्लाइट में अचानक 15 लोग खड़े हो गए। इससे फ्लाइट अटेंडेंट सकपका गई. वो हैरत में पड़ कईं कि क्या फ्लाइट में 15 डॉक्टर सफर कर रहे हैं और वो सबके सब कार्डियोलॉजिस्ट हैं। लेकिन, ये सच में चमत्कार से कम नहीं था कि उस विमान में 15 दिल के डॉक्टर सफर कर रहे थे। उत्तरी कैरोलिना से वो बुजुर्ग महिला न्यूयॉर्क जा रही थी। फ्लाइट में 15 हृदय रोग विशेषज्ञ थे, जो उसके लिए भगवान से कम नहीं थे। दरअसल, ये सभी डॉक्टर न्यूयॉर्क में नेशनल कार्डियोलॉजी कॉन्फ्रेंस में शामिल होने जा रहे थे। फ्लाइट में इमरजेंसी अनाउंसमेंट होते ही एक साथ 15 डॉक्टर अपनी सीटों पर खड़े होकर मदद के लिए आगे आए और महिला की जान बच गई। प्लेन में ही डॉक्टरों ने तुरंत ही डोरोथी की नब्ज और ब्लड प्रेशर को देखा, जो जानलेवा स्तर तक गिर चुका था। इमरजेंसी किट का इस्तेमाल कर फ्लाइट में मौजूद डॉक्टरों ने तुरंत उन्हें ऑक्सीजन दी। जीवन रक्षक दवाएं से उनकी हालत में सुधार आया।

प्लेन की इमरजेंसी लैंडिंग

द इंडिपेंडेंट की रिपोर्ट के मुताबिक, प्लेन को इमरजेंसी लैंडिंग के जरिये करीबी हवाई अड्डे पर उतारा गया। एंबुलेंस और मेडिकल टीम उनके लिए एयरपोर्ट पर तैयार थी। डॉक्टरों की समय पर मदद और सही समय पर इलाज के कारण उनकी जान बचाई जा सकी। हॉस्पिटल में कुछ दिन आराम के बाद वो पूरी तरह स्वस्थ हो गईं। वो अपनी बेटी की शादी के आयोजन में भी खुशी-खुशी शामिल हुईं। डोरोथी ने कहा था कि हार्ट अटैक के बाद उन्हें कुछ लगा कि मौत नजदीक है। शायद वो अपनी बेटी की शादी कभी नहीं देख पाएंगी। मगर ये भगवान का चमत्कार है कि खुद डॉक्टरों की फौज उनके साथ उस फ्लाइट में सफर कर रही थी। उन्हें ये अहसास नहीं था कि ऊपर वाला कितना मेहरबान होगा।

आसमान में नजर आएगा ब्लड मून, 96% ढक जाएगा चांद

वॉशिंगटन। अगस्त का महीना खगोल वैज्ञानिकों और अंतरिक्ष प्रेमियों के लिए बेहद खास है। महीने की शुरुआत में जहां एक पूर्ण सूर्य ग्रहण आखिर में एक शानदार चंद्र ग्रहण होने जा रहा है, जिसे दुनिया के बड़े हिस्से में देखा जा सकेगा। इस दौरान पूर्णिमा का चांद पृथ्वी की छाया से होकर गुजरेगा, जिससे आसमान में वह डरावने लाल रंग में नजर आएगा। इस दौरान चंद्रमा का 96 प्रतिशत हिस्सा पृथ्वी की छाया में होगा और केवल एक पतला हिस्सा सीधे सूरज की रोशनी में होगा।



भारत में नहीं दिखाई देगा

27-28 को होने वाला गहरा आंशिक चंद्र ग्रहण उत्तरी और दक्षिणी अमेरिका के ज्यादातर हिस्सों के साथ यूरोप और अफ्रीका के कुछ इलाकों में भी दिखाई देगा। कुछ जगहों पर काफी गहरा दिखेगा, जबकि दूसरी जगहों पर इसका सिर्फ कुछ हिस्सा ही दिखाई देगा। हालांकि, इसे भारत में नहीं देखा जा सकेगा, क्योंकि इस दौरान भारतीय उपमहाद्वीप में दिन हो रहा होगा।

खतरा

टेलीस्कोप की कीमत 30 अरब डॉलर, इतने पैसों में पाकिस्तान छह महीने तक विदेशों से सामान आयात कर सकता है

पृथ्वी पर गिरने वाला है अमेरिकी एजेंसी नासा का स्विफ्ट टेलीस्कोप

केप कैनावेरल। अमेरिकी एजेंसी नासा के स्विफ्ट टेलीस्कोप को उच्च कक्षा में पहुंचाकर बचाने की कोशिशों को बुधवार को बंद कर दिया गया। इससे इस साल के आखिर में इस टेलीस्कोप के पृथ्वी पर गिरने का खतरा पैदा हो गया है।

हालांकि, यह टेलीस्कोप पृथ्वी पर गिरते समय वायुमंडल में घर्षण की वजह से राख हो जाएगा और उसका कुछ मलबा ही नीचे तक पहुंचेगा। इस टेलीस्कोप की कीमत 30 अरब डॉलर है। इतने पैसों में पाकिस्तान छह महीने तक विदेशों से सामान आयात कर सकता है।

नासा और कैटलिस्ट स्पेस टेक्नॉलोजिस ने इस टेलीस्कोप को बचाने के लिए एक महीने पहले 'लिंक' रॉकेट को लॉन्च किया था, लेकिन यह काम नहीं आया। इसके बाद कैटलिस्ट ने कहा कि 'लिंक' के अंतरिक्ष यान को नियंत्रित करने में आ रही मुश्किलों की वजह से वह 'स्विफ्ट टेलीस्कोप' को उच्च कक्षा में पहुंचाने की कोशिश नहीं करेगा।



घर्षण की वजह से जलकर खाक हो जाएगा

नासा ने कहा कि इसका मतलब है कि ब्रह्मांड में गामा-रे बर्स्ट और तारों के विस्फोट जैसे कुछ सबसे बड़ी खगोलीय घटनाओं पर 20 साल से अधिक समय तक नजर रखने के बाद यह टेलीस्कोप वापस पृथ्वी की ओर गिरेगी और वायुमंडल में घर्षण की वजह से जलकर खाक हो जाएगा। नासा ने इस दूरबीन को अधिक सुरक्षित और लंबे समय तक स्थिर रखने वाली कक्षा में पहुंचाने की कोशिश के लिए कैटलिस्ट को तीन करोड़ डॉलर का भुगतान किया। लेकिन सूरज की तेज गतिविधियों के कारण इसकी कक्षा की ऊंचाई उम्मीद से ज्यादा तेजी से कम हो रही थी।

स्विफ्ट टेलीस्कोप को बचाने का मिशन नाकाम

30 मिलियन डॉलर की स्विफ्ट बूस्ट मिशन परियोजना का ठेका 2025 में एरिजोना स्थित एयरोस्पेस स्टार्टअप कैटालिस्ट को दिया गया था। योजना यह थी कि यह निजी अंतरिक्ष यान पुरानी हो चुकी वेधशाला से मिलकर उसे उच्च कक्षा में पहुंचाएगा। स्विफ्ट की समय सीमा समाप्त होने से पहले कैटालिस्ट के इंजीनियरों के पास मिशन को डिजाइन करने और उसे पूरा करने के लिए एक साल से भी कम समय था। नासा के खगोल भौतिकी प्रभाग के निदेशक शॉन डोमाग्राल-गोल्डमैन ने बयान में कहा , 'हम जानते थे कि यह एक उच्च जोखिम वाला, उच्च लाभ वाला मिशन था - अपनी तरह का पहला प्रयास, जिसे सूर्य की गतिविधि से प्रेरित एक अभूतपूर्व समयसीमा पर विकसित किया गया था।'

चांद का 96% हिस्सा पृथ्वी की छाया में होगा

इसे पूरे उत्तरी अमेरिका में देखा जा सकेगा, लेकिन अमेरिका के पूर्वी हिस्से में ग्रहण का सबसे शानदार नजारा दिखेगा। रिपोर्ट के अनुसार, ग्रहण जब अपने चरम पर होगा, उस दौरान इसका 96% हिस्सा पृथ्वी की छाया में ढका होगा।





हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com